JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
जनमार्ग

केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक

वर्ष : 66 ● अंक: 79 ● श्रीगंगानगर, शनिवार, 08.02.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ :8

आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | : 23 |
| न्यूनतम | : 8 |
| हवा में नमी | : 102 |

# दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा सरकार, 48 सीटों पर बढ़त

» केजरीवाल-सिसोदिया चुनाव हारे, आतिशी जीतीं » गृहमंत्री अमित शाह से मिले प्रवेश वर्मा

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की वापसी हो रही है। चुनाव आयोग के मुताबिक, भाजपा 5 सीट जीती और 43 सीटों पर उसे बढ़त है यानी कुल 48 सीटें। आम आदमी पार्टी (आप) भी 6 सीट जीती है, 16 सीटों पर आगे चल रही है यानी कुल 22 सीटें। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है। इस बदलाव में आप के अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली और सिसोदिया जंगपुरा सीट से चुनाव हार गए। मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी सीट पर चुनाव जीत गई हैं। सत्येंद्र जैन भी चुनाव हार गए हैं। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर जश्न जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम 7 बजे पार्टी हेडक्वार्टर पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं के बीच स्पीच देंगे। इस बीच, केजरीवाल को हराने वाले भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने अमित शाह से मुलाकात की। 2020 में भाजपा ने महज 8 सीटें जीती थीं। 2025 में 6 गुना ज्यादा यानी 48 से ज्यादा सीटों पर जीती। केजरीवाल की नई दिल्ली सीट पर 20 उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई। इन्हें मिले वोट दो अंक तक भी नहीं पहुंच सके। केजरीवाल, प्रवेश वर्मा से 3000 वोटों से हारे, जबकि संदीप दीक्षित को महज 3873 ही वोट ही मिले। भाजपा ने पिछले चुनाव (2020) के मुकाबले वोट शेयर में 9 प्रतिशत से ज्यादा का इजाफा हुआ। वहीं, आप को 10 प्रतिशत से ज्यादा का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को भले ही एक सीट मिलती नहीं दिख रही, लेकिन वोट शेयर 2 प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब रही। दिल्ली चुनाव के




रुझानों के बीच जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ने एक नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि कोई भी कम्प्यूटर, हार्ड ड्राइव और फाइल वगैरह डिपार्टमेंट की इजाजत के बगैर सचिवालय से बाहर नहीं जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी फाइलों, दस्तावेजों, इलेक्ट्रॉनिक फाइल्स आदि की सुरक्षा सुनिश्चित करें। नोटिस के बाद दिल्ली सचिवालय को सील कर दिया गया है। आप की हार पर कुमार विश्वास ने एएनआई से कहा, करोड़ों लोग नौकरियां छोड़कर आए थे, दुश्मनियां ली थीं। उन सब की हत्या एक आत्ममुग्ध आदमी ने, चरित्रहीन आदमी ने अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए की। उसको ईश्वरीय विधान से दंड मिला। खुशी इस बात की भी है कि न्याय हुआ।

## अलास्का प्लेन हादसे में 10 लोगों की मौत



जनमार्ग न्यूज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के अलास्का में गुरुवार को 10 लोगों को लेकर जा रहा चार्टर्ड प्लेन अचानक लापता हो गया था। न्यूज एजेंसी के मुताबिक प्लेन में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई है। बेरिंग एयर के इस विमान ने अलास्का के उनालाक्लीट शहर से नोम शहर के लिए उड़ान भरी थी। शुक्रवार को प्लेन का मलबा नोम एयरपोर्ट से लगभग 54 किमी दूर दक्षिण-पूर्व में मिला। नोम वालंटियर फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि प्लेन में 9 यात्री और एक पायलट था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार के डेटा के मुताबिक, उनालाक्लीट से उड़ान भरने के 39 मिनट बाद ही प्लेन रडार से गायब हो गया था। उनालकनीट से नोम की दूरी 235 किमी है। अमेरिकी तटरक्षक बल ने बताया कि विमान के अंदर 3 शवों की पहचान कर ली गई है। बाकी के 7 शव अभी भी प्लेन के अंदर हैं, लेकिन रेस्क्यू वर्कर्स उन तक पहुंच नहीं पाए हैं। फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि लापता विमान में सवार सभी यात्रियों के परिवारों को जानकारी दे दी गई है।

## महाकुंभ में राजस्थान कैबिनेट की बैठक

● सीएम भजनलाल मंत्रियों और विधायकों के साथ प्रयागराज पहुंचे



जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान की भाजपा सरकार आज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ प्रयागराज पहुंच चुके हैं। सभी आज सुबह 7.20 बजे जयपुर से विशेष विमान के जरिए प्रयागराज पहुंचे। सीएम समेत कुल 115 मंत्री और विधायक आस्था की डुबकी लगाएंगे। सीएम ने संगम स्थल पर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान सरकार के पवेलियन पहुंचे। राजस्थान मंडपम में कैबिनेट की बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद प्रयागराज में ही मुख्यमंत्री और विधायक रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद रविवार को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान के विधायक प्रयागराज से जयपुर के लिए रवाना होंगे। जो दोपहर 1.45 बजे जयपुर पहुंचेंगे। जयपुर में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की यह एक अच्छी पहल है। हम सभी मंत्रिपरिषद के सदस्य, विधायक महाकुंभ में स्नान करेंगे। यह बेहद खुशी की बात है। इसके लिए हम सीएम भजनलाल का आभार व्यक्त करते हैं। उप मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेम बैरवा ने कहा कि आज हमारे मंत्री और विधायक राजस्थान और पूरे देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना करने के लिए महाकुंभ जा रहे हैं। मुझे पूरा विश्वाश है, आज दिल्ली में बीजेपी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

## बिश्नोई महासभा के 14 राज्यों में चुनाव प्रभारी नियुक्त

● पूर्व पुलिसकर्मी को हिसार में कार्यभार सौंपा ● मुकाम की बैठक में लिया गया फैसला

जनमार्ग न्यूज

**हिसार।** भारतीय बिश्नोई महासभा में चल रहे विवाद के बीच चुनाव अधिकारी महंत भगवान दास जाम्भा ने देशभर के 14 राज्यों में चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की है। इसमें हिसार से पूर्व पुलिस कर्मचारी अनिल कुमार भाम्भू को जगह मिली है। इसके अलावा राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पंजाब, कर्नाटक, तेलंगाना, पुडुचेरी, महाराष्ट्र और गोवा में भी चुनाव प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी ने बताया कि 13 दिसंबर 2024 को मुकाम में आयोजित बिश्नोई समाज की आम बैठक में निर्णय लिया गया था कि एक वर्ष के भीतर अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा लोकतांत्रिक प्रक्रिया से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष और



कार्यकारिणी का गठन करेगी। इसी को लेकर यह निर्णय लिया गया है। चुनाव अधिकारी ने आदेश में कहा है कि जिला प्रभारी, ग्राम सभा प्रभारी, महासभा सदस्य और वार्ड प्रभारी सहित अन्य प्रभारियों की नियुक्ति प्रदेश प्रभारी के अनुसार ही की जाएगी। बता दें कि बिश्नोई महासभा का प्रधान पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से चुना जा रहा है। इससे पहले कार्यकारिणी सदस्य मिलकर संरक्षक की सहमति से प्रधान का चुनाव करते थे।

## हाईकोर्ट एलडीसी पेपरलीक का मास्टर माइंड गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** हाईकोर्ट स्क्ष्ट भर्ती परीक्षा-2022 पेपर लीक मामले में एसओजी ने मास्टर माइंड पोरव कालेर को जयपुर जेल से गिरफ्तार किया। दरअसल, रिमांड पर चल रहे 9 एलडीसी से पूछताछ में एसओजी को जानकारी मिली है कि पहले भी कई परीक्षाओं में पोरव ने पेपर लीक करवाए हैं। अब एसओजी पोरव और कोर्ट एलडीसी को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी की रिमांड पर चल रहे 9 एलडीसी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट को बताया गया कि इनके पास से मिली जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने सभी 9 आरोपियों को 10 फरवरी तक एसओजी के पास रिमांड पर भेजा है। एडीजी वीके सिंह ने बताया कि रिमांड मिलने के बाद पोरव को कोर्ट के आदेश पर जेल से गिरफ्तार किया गया है।

## भारत-पाक बॉर्डर पर ड्रोन एक्टिविटी रुकेगी

● बीएसएफ पश्चिमी कमान के स्पेशल डीजी बीकानेर पहुंचे

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के स्पेशल डीजी सतीश एस खंडारे बीकानेर शुक्रवार रात बीकानेर पहुंचे। चंडीगढ़ मुख्यालय से बीकानेर आए खंडारे यहां सीमा पर पाकिस्तानी तस्करों की ओर से होने वाली ड्रोन एक्टिविटी पर जवानों के साथ संवाद करेंगे। दरअसल, बीएसएफ ने ड्रोन एक्टिविटी पर सख्ती और बढ़ाने की तैयारी की है। सतीश एस खंडारे देर रात बीकानेर स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान आईजी एमएल गर्ग और फ्रंटियर हेडक्वार्टर जोधपुर के डीआईजी इंटेलिजेंस विदुर भारद्वाज भी उनके साथ रहे। बीकानेर पहुंचने पर बीएसएफ डीआईजी अजय लूथरा, कमांडेंट नवीन मोहन शर्मा, डिप्टी कमांडेंट



इंटेलिजेंस महेश चंद जाट ने उनकी अगवानी की। अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान खंडारे सीमाओं की सुरक्षा का जायजा लेंगे और सीमाओं पर तैनात जवानों से रूबरू होंगे। भारत पाकिस्तान की बीकानेर से सटी सीमा पर वो किसी पोस्ट पर पहुंचकर जवानों के साथ संवाद भी कर सकते हैं। इस दौरे के दौरान वो सीमावर्ती क्षेत्र में वर्तमान में बढ़ती हुई ड्रोन गतिविधियों और ड्रोन के माध्यम से होने वाली ड्रग तस्करी की घटनाओं के बारे में जानकारी लेंगे। ड्रोन के माध्यम से होने वाली तस्करी को रोकने के लिए दिशा निर्देश भी जारी करेंगे। पिछले कुछ सालों में पंजाब के बजाय राजस्थान से सटी सीमा पर ड्रोन से तस्करी के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। ऐसे में बीएसएफ इसको लेकर सख्ती बरत रहा है। एंटी ड्रोन डिवाइस पर भी बीएसएफ काम कर रही है।

## सड़क हादसे में घायल की मौत

जनमार्ग न्यूज

**कोटा।** फोरलेन पर बाइक अनबैलेंस होकर फिसल गई। हादसे में दो लोग घायल हुए थे। जिनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा मंडाना थाना क्षेत्र का है। हेड कॉन्स्टेबल कमल सिंह ने बताया कि झालरापाटन के सरावा गांव के रहने वाले शंभू सिंह (50) की मौत हुई है। एक घायल अरविंद का निजी हॉस्पिटल में इलाज जारी है। एमबीएस हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। मृतक के जीजा बुधराज सिंह ने बताया कि शंभू सिंह खेती करते थे। उनके एक बेटा है। शंभू की बहन के ससुराल में किसी डेथ हुई थी। शुक्रवार को 12वें की रस्म थी। वे गांव के व्यक्ति अरविंद सिंह के साथ शुक्रवार को बाइक से बूंदी जिले के बरूंधन गांव पहुंचे। बहन के ससुराल में कपड़े ओढ़ाने के बाद शाम 5 बजे करीब वापस अपने गांव के लिए निकले थे। शाम साढ़े 6 बजे करीब मंडाना के पास हादसे का शिकार हो गए।

## इसी माह जारी होगा सीईटी का रिजल्ट

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान में बेरोजगारों का इंतजार इसी महीने खत्म हो जाएगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा सामान पात्रता परीक्षा (सीईटी) ग्रेजुएशन लेवल और सेकेंडरी लेवल का रिजल्ट फरवरी के महीने में जारी किया जाएगा। इसके बाद पात्रता परीक्षा पास कर चुके अभ्यर्थी राजस्थान सरकार की अलग-अलग 23 भर्ती परीक्षाओं में हिस्सा ले सकेंगे। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि बोर्ड द्वारा सामान पात्रता परीक्षा ग्रेजुएशन लेवल का रिजल्ट लगभग तैयार कर लिया गया है। इसे रि-वेरिफिकेशन के बाद अगले सप्ताह जारी कर दिया जाएगा। वहीं, सामान पात्रता परीक्षा सेकेंडरी लेवल का रिजल्ट भी अंतिम दौर में है। इसे जल्द तैयार कर इसी महीने के आखिरी सप्ताह तक जारी करने की प्लानिंग है।

## योग व शारीरिक प्रशिक्षकों को बिना भुगतान के हटाया

● पीएम श्री स्कूलों में थी अस्थाई नियुक्ति ● राजस्थान में शिक्षा विभाग का फरमान

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** पीएम श्री स्कूलों के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में आगे बढ़ाने के लिए शुरू की मुहिम पर अब खुद शिक्षा विभाग ने ब्रेक लगा दिए हैं। दरअसल, शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के पहले और दूसरे चरण में संचालित 639 पीएम श्री स्कूलों में अगस्त में योग और शारीरिक प्रशिक्षक लगाने के आदेश जारी हुए थे। ज्यादातर स्कूलों ने विद्यालय विकास समितियों के जरिए योग और शारीरिक प्रशिक्षकों की अस्थायी नियुक्ति भी कर दी, लेकिन अब विभाग ने छह महीने बाद आदेशों को वापस ले लिया है। वहीं विद्यार्थियों का खेल व योग का नियमित अभ्यास भी बंद हो गया है। उधर, स्कूलों में सेवा देने वाले बेरोजगारों का कहना है कि स्कूलों में चार-पांच महीने सेवा देने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। भविष्य में स्थायी होने की आस में निजी स्कूलों के अच्छे पैकेज छोड़कर पीएम श्री स्कूलों में सेवाएं देना शुरू किया था, लेकिन शिक्षा विभाग ने बीच सत्र में ही सेवाएं समाप्त कर दी है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से 31 अगस्त 2024 को प्रथम और



द्वितीय चरण में संचालित 639 पीएम श्री स्कूलों में योग व शारीरिक प्रशिक्षकों की अंशकालिक सेवाएं एसएमसी और एसडीएमसी के जरिये लेने की आदेश जारी हुए थे। इसके बाद पीएम श्री विद्यालयों के संस्था प्रधानों की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय कमेटियों ने स्थानीय अभ्यर्थियों को वरीयता देते हुए अस्थायी शिक्षक अगस्त से अक्टूबर में लगा लिए थे। अब लगभग पांच महीने बाद शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना निदेशक ने 28 जनवरी को योग व शारीरिक प्रशिक्षक लगाने के फैसले को वापस लेने के आदेश जारी कर दिए। अस्थायी खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति से पीएम श्री स्कूलों में खेलों का माहौल बनने लगा, लेकिन बीच सत्र में खेल प्रशिक्षक हटाने से नियमित खेलों व योग का अभ्यास अटक गया।

## बिहाणी ने भाजपा की जीत पर प्रसन्नता जताई, पटाखे फोड़े



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विधायक जयदीप बिहाणी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दी है। बिहाणी ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव से भाजपा ने कई मिथक तोड़े है और दिल्ली में परिवर्तन का नारा फल गया है। दिल्ली के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त कर साबित कर दिया है कि वे विकास के पक्षधर हैं। बिहाणी ने दिल्ली के मतदाताओं का भी आभार व्यक्त किया है। विधायक बिहाणी के स्थानीय निवासी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाई बांट कर खुशी जताई। यहां यह उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 27 साल बाद कमल खिला है।

## सम्पादकीय

# हादसों का सिलसिला

आग लगने की कई घटनाओं से इतर मौनी अमावस्या के दिन स्नान के मौके पर हुई भगदड़ और उसमें कई लोगों की जान जाने से यही पता चलता है कि हादसों से बचाव के लिए निगरानी और चौकसी के मोर्चे पर सरकार नाकाम रही है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि किसी बहुप्रचारित आयोजन में एक ही तरह के हादसे बार-बार सामने आएं और उनसे सबक लेना जरूरी न समझा जाए। महाकुंभ मेले में शुक्रवार को एक बार फिर आग लग गई। हालांकि इसमें किसी की जान नहीं गई और आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन सच यह है कि वहां लापरवाही की वजह से ऐसे हादसे एक तरह का सिलसिला बन गए हैं। महाकुंभ की शुरूआत से अब तक आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि कम से कम उसके बाद ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि फिर वैसा दुबारा न हो। मगर यह समझना मुश्किल है कि पहली बार व्यापक पैमाने पर आग भड़कने और उसमें कई पंडाल जल कर खाक हो जाने के बावजूद व्यवस्था के मोर्चे पर अब भी लापरवाही क्यों कायम है। सवाल है कि आग लगने से उपजने वाले जोखिम की गंभीरता की ऐसी अनदेखी की क्या वजह है और क्या इस तरह की लापरवाही के लिए किसी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह छिपा नहीं है कि सरकार की ओर से महाकुंभ में हर स्तर पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाएं मुहैया कराने का दावा करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को वहां पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया था। ऐसे बहुत सारे लोग होंगे, जिन्होंने सरकार के उन वादों के भरोसे वहां जाना तय किया। मगर यह अफसोस की बात है कि सरकारी दावे जमीनी स्तर पर उतने प्रभावी नहीं दिख रहे। आग लगने की कई घटनाओं से इतर मौनी अमावस्या के दिन स्नान के मौके पर हुई भगदड़ और उसमें कई लोगों की जान जाने से यही पता चलता है कि हादसों से बचाव के लिए निगरानी और चौकसी के मोर्चे पर सरकार नाकाम रही है।

# फ़िलेमॉन यैंग की भारत यात्रा अहम

महासभा के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग यह जानते हैं कि भारत संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल में अपनी जगह बनाने के लिए प्रयत्नशील है और उसे वीटो पॉवर वाली जगह मिलनी चाहिए। भारत दुनिया के बड़े लोकतांत्रिक देशों में शुमार किया जाता है और इसकी आबादी ही ताकत है। इसे डेविडेंट के रूप में भारत मानता है। भारत ने डिजिटलाइजेशन, आईटी और मानव कल्याण की योजनाओं के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक काम किया है। इसकी ग्रोथ रेट इकॉनॉमिकली बढ़ी है और दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में अब भारत का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के कारण इस क्षेत्र की जीडीपी 2025 में 5.7% बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।

भारत का यह एक ऐतिहासिक पल है जब संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग की भारत यात्रा शुरू हुई है। यह यात्रा ऐसे समय में शुरू हुई है जब विश्व में भविष्य के लिए शिखर सम्मेलन के बाद कई तरह से परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है। सतत विकास लक्ष्य-2030 के लिए पूरी पृथ्वी के राष्ट्राध्यक्ष सतत प्रयत्न कर रहे हैं कि अधिकतम इस लक्ष्य के करीब पहुंच जाएं। यद्यपि भारत इस वर्ष यह नीति आयोग की रिपोर्ट से यह दावा कर चुका है कि उसने 71 प्रतिशत एसडीजी-2030 का लक्ष्य हासिल कर लिया है। महासभा के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग यह जानते हैं कि भारत संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल में अपनी जगह बनाने के लिए प्रयत्नशील है और उसे वीटो पॉवर वाली जगह मिलनी चाहिए। भारत दुनिया के बड़े लोकतांत्रिक देशों में शुमार किया जाता है और इसकी आबादी ही ताकत है। इसे डेविडेंट के रूप में भारत मानता है। भारत ने आईटी, डिजिटलाइजेशन और मानव कल्याण की योजनाओं के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक काम किया है। इसकी ग्रोथ रेट इकॉनॉमिकली बढ़ी है और दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में अब भारत का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और पड़ोसी देशों में सुधार के कारण इस क्षेत्र की जीडीपी 2025 में 5.7% बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।

संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख आर्थिक रिपोर्ट विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2025 के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.6% की दर से बढ़ने के लिए तैयार है, जो उस समय वैश्विक विकास के प्रमुख चालक के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगी जब समग्र विश्व अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत स्थिर रहने का अनुमान है। दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, मजबूत निजी खपत और निवेश के कारण भारत में इस साल 6.6% और 2026 में 6.8% की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस दृष्टि से भी यह आज कहा जा सकता है कि भारत अपने आर्थिक पक्ष से मजबूत देश है। फ़िलेमॉन यैंग भारत सरकार के निमंत्रण पर आए हैं। वह 4 से 8 फ़रवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान राजधानी दिल्ली, भारत की सिलिकॉन वैली माने जाने वाले शहर बैंगलुर जाएंगे। वह भी चाहेंगे कि उनकी भारत यात्रा का कुछ मतलब निकले। उनकी इस यात्रा से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के साथ-साथ भविष्य के समझौते सहित प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर भारत के साथ बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत किया जाए। फ़िलेमॉन यैंग ने कैमरून गणराज्य के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। जून 2024 में, उन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में चुना गया और वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में सितंबर 2025 तक रहेंगे। उनकी प्राथमिकताएं यदि देखी जाएं तो 79वें सत्र में, अध्यक्षता संभालते हुए, यांग ने अपने वक्तव्य में विभाजित विश्व को एकजुट होने और सीमाहीन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक स्पष्ट आह्वान किया था। इसमें सूडान, हैती, यूक्रेन और गाजा के कठिन संघर्षों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से निपटने की भी पहल शामिल रही है। उन्होंने अपने ध्येय वाक्य विविधता में एकता, शांति की उन्नति, सतत विकास और हर जगह सभी के लिए मानव सम्मान के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के तीन स्तंभ शांति एवं सुरक्षा, सतत



विकास, मानवाधिकार और मानवीय सहायता को रेखांकित किया था। इस दृष्टि से देखा जाए तो अभी उनके पास विजन भी है और अभी एक लंबा वक्त है, जब वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए पहल कर सकते हैं। इस मुद्दे पर बैठक हेतु देशों को आमंत्रित कर सकते हैं। इस दृष्टि से अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग की यात्रा भारत के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है और भारत भी फ़िलेमॉन यैंग के लिए महत्त्वपूर्ण है। वह खुद एक स्टेट के पूर्व में नेतृत्वकर्ता के रूप में 10 वर्षों तक योगदान दे चुके हैं तो यह समझ सकते हैं कि भारत के लिए संयुक्त राष्ट्र वीटो पॉवर कितना अहम है और उसकी अहमियत वैश्विक बदलाव में क्या हो सकती है। भारत सरकार स्वयं यह चाहती है कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बने। कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए रणनीति बहुत मजबूत है लेकिन जिन देशों का प्रतिरोध जारी है कि भारत कहीं सुरक्षा परिषद में न पहुंच जाए, उसे गंभीरता से लेने की जगह भारत को ऐसे डिप्लोमेटिक विजिट पर आए अध्यक्ष से भी शिष्टाचार भेंट के दौरान अपनी बात कहने से नहीं चूकना चाहिए। यह कोशिश करनी ही होगी कि महासभा के अध्यक्ष अपनी पहल से संयुक्त राष्ट्र विस्तार के लिए ऐसी रणनीतियां बनाएं जिसमें कुछ देश वीटो देशों में सम्मिलित हों और उसमें भारत की जगह भी सुनिश्चित हो। चीन के प्रतिरोध के बावजूद यदि कुछ और देशों को सम्मिलित करने की पहल तेज होगी और उस पर वैश्विक रायशुमारी बनेगी तो भारत आज इस स्थिति में है कि उसे विश्व के देशों को शामिल करना ही होगा। यैंग की यात्रा पूर्व में महासभा के अध्यक्षों की भांति केवल रस्म बनकर न रह जाये बल्कि इसके कुछ परिणाम भी आएं तो निश्चय ही भारत अपनी उस उपलब्धि को अर्जित कर सकेगा। हमारे प्रयास अभी तक फलीभूत क्यों नहीं हुए, इसका आकलन किया जाये तो पहली बात यह समझ आती है कि भारत को अब वैश्विक चुनौतियों को रेखांकित करके लड़ने का रिस्क लेना जरूरी है।

दूसरी बात, भारत की पहल और महासभा अध्यक्ष की पहल में आज अंतर समझना होगा। आज फ़िलेमॉन यैंग उस महासभा को चेयर कर रहे हैं जहां से बात बन सकती है, जहां से वह रायशुमारी के लिए देशों को एकत्रित कर अपने कार्यकाल को ऐतिहासिक बना सकते हैं, इसे चिन्हित करना जरूरी है। आज भारत की यदि उपलब्धियां और उसके वैभव का आकलन किया जाए तो भारत अपनी नई पहल से भी विश्व को अपनी ओर आकर्षित करता है। वैश्विक शांति हो या गरीबी और भुखमरी के खिलाफ वैश्विक आवाज उठाने के लिए आगे आने में कहां संकट है, समझ नहीं आता। ऐसे रिस्क भारत ले तो वह खुद अनेक विघ्न पैदा करने वाले देशों को भारत के लिए सोचने हेतु मजबूर करेगा। भारत को चाहिए कि फ़िलेमॉन यैंग की यात्रा के दौरान ऐसे अवसर के एक-एक पल को ऐसे मानस बनाने में व्यतीत हों कि वे स्वयं भारतीय गरिमा, शक्ति, सभ्यतागत वैशिष्ट्य को विश्व के समक्ष रखें और भारत की सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता के लिए पैरोकार बनें।

उनकी ओर से यह पहल होनी ही चाहिए कि विकासशील देशों का भी सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व स्थायी रूप से होना जरूरी है। तीसरे विश्व युद्ध के मोहाने पर खड़े विश्व हेतु सुरक्षा परिषद में विस्तार इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि पांच वीटो देश परमाणु हथियारों के भय से सशंकित हैं और सच में वे कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं और न कुछ रोकने के पक्ष में। ऐसे में यदि सुरक्षा परिषद में विस्तार होता है तो निश्चय ही किसी बड़े संकट से निपटने में आसानी होगी। फ़िलेमॉन यैंग की इस यात्रा से निःसंदेह कुछ रचनात्मक हो सकता है लेकिन यह सब तब होगा जब भारत और फ़िलेमॉन यैंग के बीच विश्व के बदलाव की इच्छाशक्ति होगी।

# रोजगार के उचित व अधिक अवसर पैदा करने जरूरी

अमेरिका से निर्वासित किए गए 104 भारतीय घर लौट चुके हैं। इनके संबध में बताया गया है कि ये लोग भारत से वैध तरीके से रवाना हुए थे, किन्तु इन्होंने डंकी रूट के जरिए अमेरिका में घुसने की कोशिश की थी। अमेरिका द्वारा जारी की गई सूची में 205 भारतीयों के नाम शामिल थे। बाकी भारतीय कब भारत पहुंचेंगे, इस पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता। अमेरिका से भारत पहुंचे भारतीयों में हरियाणा के युवाओं में सर्वाधिक 11 कैथल और 7 करनाल से हैं। वहीं अमेरिका द्वारा जारी की गई सूची को देखेंगे तो यह संख्या और बढ़ जाती है। दरअसल यह कोई नई बात नहीं है। 2008 के बाद अमेरिका से निकाले गए भारतीयों की संख्या क्रमशः 2009 में 734, 2010 में 799, 2011में 597, 2012 में 530, 2013 में 515, 2014 में 591, 2015 में 708, 2016 में 1303, 2017 में 1024, 2018 में 1180, 2019 में 2042, 2020 में 1889, 2021 में 805, 2022 में 862, 2023 में 617 और 2024 में 1368 रही है। यूएस कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटेक्शन के डाटा के अनुसार 95000 से अधिक भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुसपैठ करते हुए पकड़े गए हैं। कनाडा और मैक्सिको बार्डर से अधिक हो रही यह घुसपैठ पिछले कुछ सालों में चार से पांच गुणा बढ़ी है। इस दौरान विभिन्न कारणों से बहुत युवा जान से भी हाथ धो बैठे हैं। ऐसे में जब इनके परिवारों तक यह सूचना पहुंचती है तो उन पर वज्रपात होता है। फिर सरकार से शव मंगाने के लिए गुहार लगानी पड़ती है। आपके लिए यह जानना भी कम दिलचस्प नहीं होगा कि हरियाणा के कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, जींद, पानीपत, यमुनानगर जैसे जिलों से हजारों युवा विदेशों में जा चुके हैं। गांव के गांव खाली हो चुके हैं और कई घरों में अब केवल बुजुर्ग शेष बचे हैं जो घरों की रखवाली करते प्रतीत होते हैं। करनाल जिले के चिड़ावा ब्लॉक के गांव घोघड़ीपुर गांव के लगभग 1200 युवा विदेश चले गए हैं। जहां के घरों की छतों पर विशालकाय मूर्तियां दूर से दिख जाती हैं। जो शायद यहां के बाशिंदों की उन विदेशी उड़ानों की ओर संकेत करती है, जो कि खतरनाक डंकी रूट्स लेकर सात समंदर पार जाते हैं। इनमें ज्यादा तादाद अमेरिका जाने वालों की है। कुछ न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी हैं। ऐसा ही जींद के दुड़ाना गांव में दिखने को मिल रहा है, जिसकी कुल आबादी में लगभग 30 प्रतिशत सिख परिवार हैं। गांव के 18 से 45 साल के 300 से ज्यादा युवक-युवतियां रोजगार पाने के लिए विदेशों में चले गए हैं।

नतीजतन गांव के बड़े-बड़े मकान खाली से दिखने लगे हैं। गांव के अधिकतर युवा कनाडा, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, पुर्तगाल और इंग्लैंड आदि देशों में रहने लगे हैं। गांव के बड़े-बुजुर्ग विदेशों से अपने बेटा-बेटी के आने के इंतजार में जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि युवक-युवती विदेशों से अपने घर पैसे भी खूब भेज रहे हैं, लेकिन वह वापस आने के लिए तैयार नहीं है। भारत में पहले गुजरात फिर पंजाब और अब हरियाणा के युवाओं में विदेश जाने की भावना बहुत प्रबल हो गयी है। सब ओर माता-पिता में बच्चों को विदेश भेजने और युवाओं में विदेश जाने की धुन छाई है। इस सम्बन्ध में जब हम बात करते हैं तो विदेश जाने के लिए केवल रोजगार ही एक मुख्य कारण बताया जाता है। जिसे जानकर गलत तो नहीं ही कहा जा सकता किन्तु यह बिल्कुल सही भी नहीं है। अगर आप धैर्य से इस बारे में विचार करेंगे तो पायेंगे कि यह सारी जद्दोजहद केवल रोजगार के लिए न होकर अधिक पैसों के लिए है। माता-पिता अपनी जमीन-संपत्ति बेचकर या कर्ज लेकर अपनी औलाद को विदेश भेजने के सारे खर्च का प्रबंधन करते हैं ताकि अधिकाधिक धन अर्जित किया जा सके। हालाँकि हरियाणा सरकार ने विदेश में रोजगार के लिए जाने के इच्छुक युवाओं को कबूतरबाजों के चंगुल से बचाने की जिम्मेदारी हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) को सौंपी है। इस काम में विदेश सहयोग विभाग उसकी मदद करेगा। कॉलेजों में अभी तक करीब 30 हजार छात्र-छात्राओं के निशुल्क पासपोर्ट भी बनाए गए हैं। किन्तु यह पर्याप्त जान नहीं पड़ता। अब समय आ गया है कि हमें गांव, प्रदेश और देश की स्थितियों और संसाधनों के दृष्टिगत विचार करना होगा और इस प्रकार की समस्याओं का समाधान तलाशना होगा। अब आवश्यता है कि जिस युवा शक्ति का हवाला हम पूरी दुनिया को देते हैं, उसके लिए अनुकूल, उसके सपनों के वातावरण का निर्माण करना होगा। रोजगार के उचित और अधिक अवसर पैदा करने होंगे ताकि युवा शक्ति सम्मान से अपने वतन में खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके।

## समय के साथ 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे हैं

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

## अपनी गठरी टटोलें

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहाः भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहाः नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोलाः महोदय मैं एक नामी ठग हूं परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोलाः कैसे? पहला यात्रीः कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्रीः मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोलाः तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्रीः मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहाँ से! ईश्वर नित नई खुशियाँ हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें!

# ओरल हेल्थ खराब हो तो जा सकती है याददाश्त

**एक** इंसान के शरीर में तकरीबन 38 खरब बैक्टीरिया होते हैं, जिसमें से 50 से 100 अरब बैक्टीरिया तो सिर्फ मुंह में ही होते हैं। ये बैक्टीरिया हमारी सेहत को सीधे प्रभावित करते हैं। ऑक्सफोर्ड एकेडमिक्स के हेल्थ जर्नल में छपी एक स्टडी के मुताबिक, मुंह के इन बैक्टीरिया का ब्रेन हेल्थ से सीधा कनेक्शन है। स्टडी में पता चला है कि कुछ खास तरह के बैक्टीरिया डिमेंशिया यानी मेमोरी लॉस का कारण बन सकते हैं। इनके कारण अल्जाइमर्स हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, पूरी दुनिया में 5.5 करोड़ लोगों को डिमेंशिया है। अनुमान है कि साल 2050 तक ये मामले बढ़कर 14 करोड़ हो सकते हैं। भोजन का पाचन हमारे मुंह से ही शुरू हो जाता है। मुंह की लार भोजन को नरम बनाकर निगलने में मदद करती है और इसमें मौजूद एंजाइम कार्ब्स पचाने में भी मदद करते हैं। अगर मुंह में खराब बैक्टीरिया होंगे तो ये भोजन के साथ मिलकर लिवर तक पहुंच सकते हैं और इससे एसिड रिफ्लक्स जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. निशांत गुप्ता कहते हैं कि मसूड़े या दांत से जुड़ी समस्या होने पर हमारी ब्लड स्ट्रीम एक्सपोज हो जाती है। इससे हमारे मुंह में रहने वाले बैक्टीरिया ब्लड में प्रवेश कर जाते हैं। ये ब्लड के जरिए ब्रेन में पहुंचते हैं और इसकी फंक्शनिंग प्रभावित करते हैं। इसलिए ओरल हेल्थ का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। ओरल हेल्थ खराब होने पर आमतौर पर मसूड़ों में सूजन हो जाती है और दर्द होता है। अगर ज्यादा समय तक यह समस्या बनी रहे तो दांतों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और दांत हिलकर टूटने लगते हैं। अच्छी ओरल हेल्थ हमारी सेविंग्स और अच्छे इन्वेस्टमेंट की तरह है, जो बुढ़ापे में सबसे ज्यादा काम आती है। अगर मुंह के स्वास्थ्य को लेकर जरूरी सावधानियां बरती जाएं तो हम भविष्य में मुंह की कई बीमारियों से बच सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, पूरी दुनिया में लगभग 350 करोड़ लोग मुंह की बीमारियों से ग्रस्त हैं। इनमें से ज्यादातर लोग मध्यम या निम्न मध्यम परिवार के हैं और मुंह की बीमारियों का इलाज बहुत महंगा है। इसलिए मुंह की केयर करना बहुत जरूरी है। ओरल हेल्थ सिर्फ मुंह में होने वाली बीमारियों तक सीमित नहीं है। इसका कनेक्शन पूरे शरीर से है। अगर मुंह में कोई संक्रमण हुआ है तो भोजन के साथ मुंह में मौजूद बैक्टीरिया पूरे शरीर में फैल सकते हैं और पूरे शरीर को संक्रमित कर सकते हैं। हमारे भोजन और लाइफस्टाइल का मुंह की सेहत पर सीधा असर पड़ता है। ज्यादा मीठा खाने, बहुत नमक और फास्ट फूड खाने से, थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ खाते रहने से, ब्रश न करने से और बहुत अधिक सिगरेट-



तंबाकू के सेवन से हमारी ओरल हेल्थ खराब होती है। इसके अलावा शरीर हाइड्रेट नहीं रहने पर भी मुंह का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। एक कहावत है कि 'हम वही होते हैं, जो हम खाते हैं।' ये सच भी है। हमारे शरीर में रहने वाले अरबों बैक्टीरिया हेल्थ को सीधे प्रभावित करते हैं। अच्छे बैक्टीरिया फल, सब्जियां और दही जैसी चीजें खाना पसंद करते हैं, जबकि बुरे बैक्टीरिया फास्ट फूड, चीनी, कोल्ड ड्रिंक्स वगैरह खाते-पीते हैं। यही कारण है कि हमारी सेहत पर सबसे ज्यादा असर हमारे खान-पान का पड़ता है। इसलिए ऐसा खाना खाएं, जिससे ये हेल्दी बैक्टीरिया सुरक्षित बने रहें। दिन में कम-से-कम दो बार फ्लोराइड बेस्ड टूथपेस्ट से दांतों को ब्रश करना चाहिए। सुबह के ब्रश से ज्यादा जरूरी रात में सोने से पहले ब्रश करना होता है। रात में ब्रश करने के बाद कुछ नहीं खाना चाहिए। ब्रश करने का सही तरीका ये है कि कम-से-कम चार मिनट तक ब्रश को ऊपर से नीचे, नीचे से ऊपर, दाएं से बाएं और बाएं से दाएं घुमाना चाहिए। फ्लॉसिंग करने से दांतों के बीच में फंसे खाने के कण और प्लाक (दांतों पर बैक्टीरिया की चिपचिपी परत) हट जाते हैं, जिससे कैविटी का जोखिम कम हो जाता है। नियमित फ्लॉसिंग करने से जिंजवाइटिस और पेरियोडोंटाइटिस जैसी मसूड़ों की बीमारियों का जोखिम कम होता है। फ्लॉसिंग करने से भोजन और सांस से मुंह में आए खराब बैक्टीरिया हट जाते हैं और मुंह की दुर्गंध कम हो जाती है। स्वस्थ दांत और मसूड़े भोजन को सही तरीके से चबाने में मदद करते हैं, जिससे डाइजेस्टिव हेल्थ भी सही रहती है। बहुत ज्यादा जोर से फ्लॉस करने से मसूड़ों से खून आ सकता है और सूजन हो सकती है। दिन में ज्यादा बार फ्लॉस करने से दांतों की सुरक्षात्मक लेयर इनेमल कमजोर हो सकती है। गंदे हाथ या गंदे फ्लॉस का इस्तेमाल करने से बैक्टीरिया मुंह में जा सकते हैं। बहुत ज्यादा जोर से फ्लॉस करने से मसूड़ों से खून आ सकता है और सूजन हो सकती है। दिन में ज्यादा बार फ्लॉस करने से दांतों की सुरक्षात्मक लेयर इनेमल कमजोर हो सकती है।

जनमार्ग
सिटी न्यूज
JANMARG news
जनमार्ग



# शंख की ध्वनि और जयकारों के साथ बीकानेर से दिल्ली के लिए इंडिगो की नियमित उड़ान शुरू

- अर्जुन राम मेघवाल और मुरलीधर मोहोल ने दिखाई हरी झंडी
- नाल एयरपोर्ट पर बनाया जाएगा नया टर्मिनल भवन: मेघवाल

**जनमार्ग न्यूज**

**बीकानेर।** बीकानेर से दिल्ली के लिए इंडिगो की पहली नियमित फ्लाइट सेवा शुक्रवार को शुरू हुई। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने नाल के सिविल हवाई अड्डा परिसर से हरी झंडी दिखाकर पहली फ्लाइट को रवाना किया। मेघवाल और मोहोल ने इस फ्लाइट में बीकानेर से दिल्ली जाने वाले पहले हवाई यात्री डॉ. पुष्कर भटेजा को बोर्डिंग पास प्रदान किया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने शंख की पावन ध्वनि के साथ लोक देवी-देवताओं के जयकारे लगाए।



इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि बीकानेर से दिल्ली की नियमित उड़ान बीकानेर के विकास के लिए माइलस्टोन साबित होगी। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की हवाई सेवा में इंडिगो बड़ा भागीदार है। इसकी सेवाएं बीकानेर में शुरू होना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि बीकानेर के हवाई यात्रियों को दिल्ली जाने के बाद देश और दुनिया के किसी क्षेत्र में जाने की कनेक्टिविटी मिल सकेगी। आगामी दिनों में यात्री भार उपलब्ध की उपलब्धता के अनुसार इंडिगो द्वारा अन्य बड़े शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू की जा सकेगी। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि बीकानेर में सोलर क्षेत्र में लगभग पचास हजार करोड़ रुपए का निवेश हो रहा है। यहां सिरेमिक और फर्टिलाइजर क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में यहां से दिल्ली के लिए नियमित उड़ान की मांग लंबे समय से थी। जिसे पूरा किया गया है। आने वाले समय में बीकानेर में नया और भव्य टर्मिनल भवन बनाया जाएगा। इसके लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बीकानेर से कोलकाता, गुवाहाटी, सूरत, मुंबई और दक्षिण भारत के बड़े शहरों से बीकानेर को हवाई सेवा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि बीकानेर समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का शहर है। यह पर्यटन और औद्योगिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री मेघवाल के प्रयासों से यह शहर हवाई मार्ग से पूरे देश से जुड़ने जा रहा है। उन्होंने बताया कि नाल एयरपोर्ट विस्तार के लिए जिला प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण का कार्य कर लिया गया है। इससे जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद यहां भव्य टर्मिनल भवन बनाया जाएगा। यह भवन बीकानेर की संस्कृति और परंपराओं को नई पहचान दिलाने वाला होगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गत 10 वर्षों में हवाई सेवाओं के विस्तार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। आज हमारा देश डोमेस्टिक उड़ान के क्षेत्र में दुनिया में दूसरे नंबर पर है। उड़े देश का हर नागरिक ध्येय के साथ उड़ान योजना शुरू की। इसके तहत डेढ़ करोड़ लोग देशभर में उड़ान भर रहे हैं। हाल ही के बजट में रीजनल एयर कनेक्टिविटी के तहत 120 नए हवाई अड्डे विकसित करने की घोषणा की गई है। इसके माध्यम से 4 करोड़ और लोगों को उड़ान से जोड़े जाने की योजना है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री मेघवाल ने लर्निंग बाय डूइंग संस्था द्वारा तैयार वायुयान का मॉडल केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री को भेंट किया। कार्यक्रम में एयरफोर्स नाल स्टेशन के ओआईसी मनोज कुमार मिश्रा, इंडिगो के निदेशक समीर कोहली, सेल्स हेड मनीष मारवाह, जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, एयरपोर्ट निदेशक राजेंद्र बघेला, श्री श्याम पंचारिया, डॉ. सत्य प्रकाश आचार्य, अखिलेश प्रताप सिंह, मोहन सुराणा, अशोक प्रजापत, संपत पारीक, जुगल राठी, गुमान सिंह राजपुरोहित, अनिल शुक्ला, डॉ. बेगाराम बाना, श्रीमती सुमन छाजेड़, पंकज अग्रवाल, जेठमल नाहटा, नरेश नायक, मोहन मेघवाल और महावीर चारण सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# बाबा रामदेव मंदिर में मेला भरा

## श्रद्धालुओं ने धोक लगा कर मन्नतें मांगी



**जनमार्ग न्यूज**

**चूनावढ़।** कस्बे के सिथत प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर में शुक्रवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं लंबी-लंबी का कतारों में लगकर बाबा के दरबार में धोक लगाई और मन्नतें मांगी इस मेल में आसपास क्षेत्र के दर्जनों गांवों के श्रद्धालु जीपों, कारो, ट्रैक्टर ट्रालियों पर मेला में आकर बाबा केदरबार में धोक लगाई इस दौरान लोक गायक गंगाराम 41 पीएस रायसिहनगर,व पंजाबी लोक गायक कलाकार भजन सिंह नाहर ने बाबा के भजनों के माध्यम से गुरु महिमा सुना कर संगत को निहाल किया इस दौरान स्थानीय बाबा रामदेव मेला धाम जूनागढ द्वारा भंडारे में लंगर का आयोजन किया गया दिन भर चले भंडारा के बाद शाम को बाबा की आरती कर मेले का समापन किया गया इस मेला में पचासों का प,साद, नारियल ,नमक व झाड़ू और बच्चों के खेल खिलौनों की दुकानें व मिठाई की दुकानें सजाई गई जिन पर श्रद्धालुओं ने खूब खरीदारी की।



# महिला अपराधों पर सख्त कार्यवाही की मांग



**जनमार्ग न्यूज**

**हनुमानगढ़।** अग्रवाल महिला समिति हनुमानगढ़ जंक्शन ने महिला अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली से मुलाकात कर नशे के खिलाफ उनके द्वारा लगातार की जा रही प्रभावी कार्रवाई और उनकी सक्रियता की सराहना कर उनको बधाई दी गई तथा जिले में तेजी से बढ़ रहे महिला अपराधों पर नियंत्रण कर महिला अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग रखी। महिला समिति ने उम्मीद जताई कि प्रशासन की सख्ती से से अपराधियों पर अंकुश लगेगा और युवा नशे से दूर रहेंगे। वहीं बाबा मस्तनाथ बीएड कॉलेज के रिश्वत प्रकरण मे अग्रवाल समाज के छात्र मयंक गर्ग की आत्महत्या के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। अग्रवाल महिला समिति के सदस्यों का कहना है कि मयंक गर्ग ने आत्महत्या से पहले एसीबी ट्रैप करवाने में परिवादी की भूमिका निभाई थी जिससे यह मामला संवेदनशील बन गया है। इसी बीच महिला जिलाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल ने जिले में बेटियों की सुरक्षा को लेकर आत्मरक्षा कौशल प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की अनुमति मांगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

# गुरुद्वारा से निकाला अलौकिक नगर कीर्तन



## संगत ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** पदमपुर रोड स्थित गुरुद्वारा धन-धन भाई मंझजी के सालाना समागम के मौके पर शुक्रवार सुबह पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन सजाया गया। जोकि गुरुद्वारा साहिब के आसपास की कालोनियों 5-ए गुरुद्वारा साहिब, गुलाबी बाग, मेट्रो सिटी, ग्रीन वैली, राजा बाग, शालीमार बाग, कुंजविहार व अंबिका एनक्लेव (प्रथम) से होता हुआ शाम को वापिस गुरुद्वारा साहिब में पहुंचा। नगर कीर्तन में शामिल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की फूलों से सजी पालकी साहिब पर पुष्प वर्षा करते हुए शीश नवाकर गुरू साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर कीर्तन के दौरान श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी के सदस्य शब्द कीर्तन गायन करते शामिल हुए, वहीं रणजीत नगारा गतका अखाड़ा ग्रुप के सदस्यों ने गतका खेलते हुए हैरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन किया। नगर कीर्तन में ढाडी जत्था भाई जसविंदर सिंह जोश व शिरोमणी पंथ अकाली दशमेश तरना दल मिसल सेवा सिमरन दे पुंज भाई कन्हैया जी के मुखी जत्थेदार बाबा राज सिंह खालसा विशेष तौर पर शामिल हुए। गुरुद्वारा साहिब के सेवादार नौनिहाल सिंह ने बताया कि कल शनिवार शाम 7 से रात 9 बजे तक धन-धन भाई मंझ कीर्तनी सेवक जत्थे द्वारा कीर्तन दीवान सजाया जाएगा तथा मुख्य समागम के तहत 9 फरवरी रविवार सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत महान कथा-कीर्तन दरबार सजाया जाएगा, जिसमें पंथ प्रसिद्ध प्रचारक कथावाचक भाई लखविन्द्र सिंह खालसा यूएसए वाले व रागी जत्था भाई अपार सिंह जीरे वाले सहित हुजूरी रागी जत्था भाई नौनिहाल सिंह व स्त्री सत्संग सभा की सदस्य कथा कीर्तन द्वारा संगत को गुरु चरणों से जोड़ेंगे। समागम के उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

# श्री गुरुनानक कृष्णा मंदिर समिति का सामूहिक विवाह समारोह 8 व 9 मार्च को

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** एच ब्लॉक स्थित श्री गुरुनानक कृष्णा मंदिर समिति की बैठक अध्यक्ष मनजीत सिंह मण्ड की अध्यक्षता में कारगिल शहीद पार्क में आयोजित की गई। इस बैठक में अभावग्रस्त परिवारों की 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह 8 व 9 मार्च को धूमधाम से आयोजित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा सफल आयोजन के लिए तैयारियां शुरू करने का निर्णय लिया गया। श्री गुरुनानक कृष्णा मंदिर समिति अध्यक्ष मनजीत सिंह मण्ड तथा महासचिव मुनीश कुमार लड्ढा ने बताया कि समिति द्वारा अभावग्रस्त परिवारों की कन्याओं का विवाह 9 मार्च, रविवार को करवाया जाएगा। इससे पहले 8 मार्च, शनिवार को जागो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। सामूहिक विवाह समारोह हेतु युवक की आयु न्यूनतम 21 वर्ष तथा युवती की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी आवश्यक है। इच्छुक परिवार प्रात- 10 बजे से सायं 7 बजे तक अपने आवेदन-पत्र भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ श्री गुरुनानक कृष्णा मंदिर समिति में जमा करवा सकते हैं। आयु सम्बन्धी दस्तावेज आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा। किसी भी जाति, धर्म, सम्प्रदाय का व्यक्ति जो भारत का निवासी है, वह आवेदन कर सकता है। परिवारों को रिश्ते अपने स्तर पर तय करेंगे होंगे तथा विवाह की समस्त व्यवस्था श्री गुरुनानक कृष्णा मंदिर समिति द्वारा की जाएगी। आवेदन-पत्र जमा करवाने की अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2025 निश्चित की गई तथा आवेदन-पत्र पहले आओ-पहले आओ के आधार पर दिए जाएंगे। इस अवसर पर महासचिव मुनीश कुमार लड्ढा, रमेश वितराना, केवल कृष्ण वितराना, तरसेम नागपाल, पाली चावला, प्रेम नारंग, जयपाल नाथ, मंगलचंद डाल, ओमप्रकाश चक्कीवाल, सुखविंदर सिंह पप्पू, सुरेंद्र सिंह छिंदा, हरतेज सिंह, माइकल ढाका, सुरजीत सिंह काका, राजू वाल्मीकि, प्रीत सिंह, पवन अरोड़ा, इंद्रज्योत मंड, पार्थ भसीन, लखविन्द्र बादल, राजदीप सिंह, गिरधारी गुप्ता, बोबी पहलवान, पवन जसूजा, सुरजीत सिंह काका, सन्नी चावला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# टैक्स बार एसोसिएशन का सेमीनार उत्कर्ष 2.0 आयोजित






**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** टैक्स बार एसोसिएशन, श्रीगंगानगर के तत्वावधान में बजट-2025 पर सेमीनार उत्कर्ष 2.0 स्थानीय हनुमानगढ़ रोड रिद्धि-सिद्धि फस्ट श्रीगंगानगर स्थित एक होटल में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक सिंगल ने बताया कि सेमीनार में मुख्य वक्ता सीए रोहित कपूर ने आयकर व सीए आंचल कपूर ने जीएसटी के बारे में उपस्थित टैक्स एडवोकेट व चार्टेड एकाउंटेंटस को विस्तार से जानकारी दी। सेमीनार के दौरान क्विज प्रतियोताएँ भी आयोजित की गई जिसके विजेताओं को एसोसिएशन की तरफ से आकर्षक पुरस्कार दिए गए। सेमीनार के सफल आयोजन में उपाध्यक्ष एडवोकेट रविकांत फुटेला, सचिव सीए राघव गोयल, संयुक्त सचिव-कम-कोषाध्यक्ष एडवोकेट कृष्ण गोपाल का विशेष सहयोग रहा। उपस्थित सभी सदस्यों को रजिस्ट्रेशन कीट दी गई थी तथा रात्रिभोज के बाद एक एक आकर्षक उपहार भी आबंटित किये गए।

# झांकी वाले बाबा अनवरत चलेगा अखण्ड राम नाम संकीर्तन

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** सिद्धपीठ श्रीझांकी वाले बालाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव के तहत पांच दिवसीय कार्यक्रम में लड्डूगोपाल भी संकीर्तन सुन रहे हैं। मंदिर परिसर में लड्डूगोपाल जी को विराजमान करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मंडल सदस्य इनको भोग भी लगाकर इनका चाव करते हैं। इसके साथ- साथ मंदिर में श्रद्धालु चोकलेट, ड्राईफ्रूट का भोग लगाकर अपने हाथों से श्रद्धालुओं को वितरित किया। मंदिर के सेवादार व्यवस्थाओं में लगे रहे। संकीर्तन के साथ-साथ दूसरी और लगे भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सिद्धपीठ श्रीझांकी वाले बालाजी भजन मंडल के मुख्य सेवादार प्रेम अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में श्रीगंगानगर सहित आसपास के गांव- शहरों के साथ-साथ पंजाब, दिल्ली व हरियाणा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं।

# फिजियोथेरेपी व परामर्शदात्री कार्यक्रम का आयोजन

**जनमार्ग न्यूज**

**रावतसर।** आज संदर्भ कक्ष पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रावतसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु फिजियोथेरेपी व परामर्शदात्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 50 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों तथा उनके अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आवश्यकता अनुसार बच्चों को फिजियोथेरेपिस्ट डॉ पंकज जांगिड़ द्वारा फिजियोथेरेपी करवाई गई तथा विशेष शिक्षकों एवं संदर्भ व्यक्ति द्वारा राजस्थान सरकार द्वारा इन बच्चों हेतु चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा संबलन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में उपस्थित अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक श्री पुरषोत्तम शर्मा द्वारा बच्चों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करवाने हेतु अभिभावकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्य श्री सत्यदेव राठौड़ ने बताया कि ये बच्चे किसी भी प्रकार से अन्य बच्चों से कम नहीं है बस इन्हें सही संबलन और नियमित विद्यालय से जोड़ कर रखना एवं उचित देखरेख आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे समस्त अभिभावकों को मानस अभियान के बारे मे भी जागरूक किया तथा उन्हें शपथ दिलवाई एवं क्यू आर कोड के माध्यम से ऑनलाइन डिजिटल शपथ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदर्भ व्यक्ति श्री कुलदीप बेनीवाल,श्री मती अरीता पारीक, विशेष शिक्षक श्री सचिन कुमार, कमलेश कुमार,माधव लखोटिया, दिनेश कुमार ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



# राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ का विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा के निर्देशानुसार जिला शाखा श्रीगंगानगर से जुड़े सभी घटक संगठनों से जुड़े कर्मचारी 7 फरवरी शुक्रवार को सुबह 10 से सांय 4 बजे तक विभिन्न माँगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया व सांय 4 बजे अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) के मार्फत मुख्य सचिव राजस्थान सरकार को ज्ञापन भेजा गया। संघ के जिला संयोजक श्याम गोस्वामी ने बताया कि बताया कि महासंघ के घटक संगठनों के सदस्य सुबह 10 बजे जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष एकत्रित हुए। धरना स्थल पर हुई सभा को राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र टाक, राधेश्याम यादव, राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रविन्द्र शर्मा, रामजीलाल सिहाग, राजेन्द्र बुडानियां, राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के इन्द्राज जाखड़, जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा अखिल राजस्थान राज्य कृषि



पर्यवेक्षक संघ के अशोक कुमार कलवानियां, चरणदास पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के गणेश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी संघ के विनोद सुथार, यूटीबी नर्सेज संघ के जिलाध्यक्ष सुमित कुमार, दुर्गा एएनएम एसोसिएशन से वीरेन्द्रजीत कौर सहित जरनैल सिंह मांगट, सुरेन्द्र टोकसिया, सुरेन्द्र सुथार, डिम्पल यादव, कंचन, प्रीति, चिरंजीलाल, मुकेश कुमार, अभिमन्यु जोशी, हरभगवान सिंह, कृष्ण कुलचानियां, देवेन्द्र छाबड़ा, पृथ्वी, अजीत शर्मा , बालकिशन गहलोतअनेक घटक संगठनों के पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया। जिला संयोजक श्याम गोस्वामी ने बताया कि मुख्य सचिव को भेजे गए माँग-पत्र में पीएफआरडीए अधिनियम को निरस्त करते हुए राज्य कर्मचारियों के 53 हजार करोड़ रूपये जीपीएफ खाते में जमा किये जावें तथा राजस्थान में परिभाषित पुरानी पेंशन योजना यथावत रखी जावें, राज्य सरकार, बोर्ड, निगम, स्वायत्तषाषी संस्थाओं, पंचायतीराज एवं सहकारी संस्थाओं में कार्यरत कार्मिकों के लिये समान काम, समान वेतन की नीति लागू कर, पूर्व के वेतनमानों में उत्पन्न विभिन्न विसंगतियों का निराकरण कर, कार्मिकों का न्यूनतम वेतन रू. 26 हजार निर्धारित किया जावे, माह जनवरी 2020 से माह जून 2021 तक का मंहगाई भत्ते के एरियर का नकद भुगतान किया जावे, ग्रामीण क्षेत्र के कार्मिकों को मूल वेतन का 10 प्रतिषत ग्रामीण भत्ता स्वीकृत किया जावे,राज्य कर्मचारी, बोर्ड, निगम, पंचायतीराज एवं स्वायत्तषाषी संस्थाओं के कार्मिकों को सेवाकाल में 5 पदोन्नति के अवसर दिये जावें एवं समयबद्ध पदोन्नति की जावें। पदोन्नति के 5 अवसर नहीं होने की स्थिति में 7,14,21,28 एवं 32 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति पद का वेतनमान स्वीकृत किया जावे,वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 06.10.2023 के बिन्दू संख्या 03 (II) में उल्लेखित प्रावधान ''कार्मिक पदौन्नति के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नही रखते है उन्हें एमएसीपी का लाभ देय नही होगा'' को विलोपित किया जावे,सभी संविदा एवं आउटसोर्स पर नियुक्तियाँ बंद की जावें तथा सभी संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जावें।

# बाबा रामदेव का विशाल मेला सम्पन्न

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जंक्शन के प्रसिद्ध बाबा रामदेव मंदिर में शुक्रवार को विशाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से भरा रहा और पूरे दिन भजन-कीर्तन व धार्मिक अनुष्ठान होते रहे। बाबा रामदेव के प्रति आस्था और भक्ति का माहौल देखते ही बन रहा था। सुबह मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिसमें पंडित भंवरलाल जोशी और वाशु शर्मा के सानिध्य में सुभाष बंसल व सुनील गोदारा मक्कासर ने सपरिवार बाबा की पूजा संपन्न करवाई। इसके पश्चात बाबा को 51 मण हलवे का भोग लगाया गया और प्रसाद रूप में इसे श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। हलवे के प्रसाद वितरण के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव से पंक्तिबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं ने पूरे दिन दर्शन किए और अपनी-अपनी मनोकामनाएं लेकर बाबा के चरणों में शीश नवाया। भक्तों ने बाबा रामदेव के जयकारे लगाए और भक्ति गीतों पर झूमते हुए पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं।



शाम को बाबा रामदेव की विशेष महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य यजमान के रूप में अजय जग्गा और उद्योगपति सुभाष सिंगला ने सपरिवार भाग लिया। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस दौरान भव्य पुष्प वर्षा का आयोजन किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

## कोहला को नगरपरिषद में शामिल करने के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** ग्राम पंचायत कोहला को नगरपरिषद में शामिल करने के विरोध में शुक्रवार ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोमं आपत्तिया दर्ज करवाई ।प्रतिनिधि मंडल में शामिल सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि कोहला क्षेत्र में जो निवासी है. 70 प्रतिशत लोग बीपीएल व अन्य गरीब तबके के वाशिंदे हैं जिनका जीवन नरेगा पर आधारित है। चूंकि नरेगा ग्रामीण रोजगार में एक मूलभूत सुविधा है जो शहरी क्षेत्र में नहीं है। उक्त योजना रोजगार गारंटी योजना है जो हर ग्रामीण का मूल हक है ।वर्मा ने बताया कि ग्रामीण परिवेश के वाशीदो को अपनी आवश्यकता अनुसार रोजी रोटी कृषि आधारित मजदूरी व कृषि आधारित ईंधन उपलब्ध हो जाता है और गांव की सरंचना व वाशीन्दों का रिहायशी मकान भी ग्रामीण परिवेश के अनुसार बने हुए है व ग्रामीण परिवेश में शिक्षा की समुचित व्यवस्था है। ग्रामीण क्षेत्र को शहरी क्षेत्र में लेने से बिजली पानी के बिल में बढ़ौतरी हो जायेगी जो ग्रामीण परिवेश के गरीब तबके के वाशिन्दों के लिए संभव नहीं हो सकेगा। ग्रामीण परिवेश का एक परिवार का बजट भी न्यूनतम मजदूरी से चल सकता है जबकि शहरी क्षेत्र में शामिल करने से ग्रामीणों का जीवन व मूलभूत परिवेश से वंचित हो जायेंगे व जीवन यापन करना मुश्किल हो जायेगा।

# रेसटा का प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ आयोजित

## बुखारी जिलाध्यक्ष व गोणदी बने ब्लॉक अध्यक्ष

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा),राजस्थान का शिक्षक रत्न व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन एकलव्य आदिवासी छात्रावास मनोहर थाना में हुआ। आयोजन के लिए संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने संयोजक प्रदेश महामंत्री नवल सिंह मीना व कोटा मंडल अध्यक्ष पप्पू लाल चंडालिया को बनाया था। संगठन के दिनेश कुमार हनोतिया ने बताया कि कार्यक्रम में जिले भर के 60 नवनियुक्त,पदोन्नत व तबादले से आने वाले शिक्षकों के साथ जिले के टॉपर्स विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर लुहार रहें। संगठन के प्रदेश



महामंत्री नवल सिंह मीना ने बताया कि हम पिछड़े हुए क्षेत्र में सेवारत हैं,लेकिन यहां से भी सैकड़ों सितारे बन चुके हैं और बन रहे हैं ।आगे भी ऐसे ही सैकड़ों सितारे बनते जाएंगे,बस हमें निराश नहीं होना है और मन लगाकर शिक्षा,शिक्षार्थी ओर शिक्षक हितों के लिए तैयार रहना है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया कि समारोह में उप प्राचार्य,प्राचार्य की सीधी भर्ती,तृतीय श्रेणी शिक्षको के तबादले,महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में जल्द पदस्थापन,कंप्यूटर अनुदेशकों के केडर संशोधन व वेतन विसंगति दूर करने, तृतीय श्रेणी से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी की बकाया पदोन्नति जल्द करवाने,5 सितंबर को आयोजित हुए शिक्षक सम्मान के हुए आवेदन सहित सम्मानित हुए ब्लॉक,जिला व राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से शिक्षको के आवेदन ऑनलाइन करवाने,रीट लेवल टू के संशोधित परिणाम में चयनित शिक्षकों को यथावत रखते हुए नए चयनितों को नियुक्ति दी जाएं,शिक्षक सम्मेलनों में शत प्रतिशत उपस्तिथि अनिवार्य करने आदि मुद्दों पर मंथन हुआ व राज्य सरकार व शिक्षा विभाग से संगठन की मांगो के जल्द समाधान करवाने की मांग की गई। समारोह में संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ बनाते हुए सर्वसहमति से झालावाड़ जिलाध्यक्ष पद पर राजेंद्र बुखारी व ब्लॉक खानपुर के ब्लॉक अध्यक्ष मुकुट गोणदी का निर्वाचन निर्वाचन अधिकारी जिला संरक्षक हरिराम लापस्या के मार्गदर्शन में हुआ। समारोह में जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी सहित जिले भर के 500 से अधिक शिक्षक शामिल रहे ।मंच संचालन कोमल मर्मिट, जसवंत बड़ोदिया, विद्या सागर ललावता के द्वारा किया गया।

# पंजाब नैशनल बैंक का महालोन मेला आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** शुक्रवार को पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा आयोजित महालोन मेला का आयोजन हनुमानगढ़ जंक्शन के जाट भवन में किया गया। इस मेले का उद्देश्य विभिन्न स्कीमों के तहत लोन उपलब्ध कराना था, जिससे व्यापारियों और गृहस्थों को विशेष लाभ मिल सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर काना राम एवं पीएनबी के मंडल प्रमुख प्रदीप कुमार यादव ने मेले का उद्घाटन फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित करके किया। मेले में पीएनबी द्वारा आकर्षक ब्याज दरों पर विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध कराए जा रहे थे, जिनमें होम लोन, सोलर लोन और कारोबार बढ़ाने के लिए विशेष लोन योजनाएं शामिल थीं। इन योजनाओं के तहत ग्राहकों को सस्ते ब्याज दरों पर लोन मिल रहे थे, जिससे उनके लिए अपने सपनों को साकार करना आसान हो गया था। विशेष रूप से सोलर लोन योजनाओं के तहत पीएनबी द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की सराहना की गई। इस मौके पर आदरणीय जिला कलेक्टर काना राम ने पीएनबी की सोलर लोन



योजनाओं की सराहना की और बैंक के उत्कृष्ट कार्यों को उजागर किया। उन्होंने उन ग्राहकों को सोलर लोन के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए जिन्होंने सोलर ऊर्जा उपकरणों के लिए लोन लिया था। इस कदम को हरित ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि यह पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करता है। पीएनबी के मंडल प्रमुख, प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि इस मेले में खास तौर पर हनुमानगढ़ क्षेत्र के व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए खास योजनाएं लाई गई हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले के दौरान 50 ग्राहकों को सोलर लोन के स्वीकृति पत्र दिए गए हैं और पूरे हनुमानगढ़ मंडल में लगभग 25 करोड़ रुपये के होम लोन स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा, इस मेले का आयोजन शनिवार तक जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। यह मेला विशेष रूप से व्यापारियों के लिए लाभकारी है, जो अपने कारोबार को ब?ाना चाहते हैं। इसके अलावा, वे लोग जो नया कारोबार शुरू करने का विचार कर रहे हैं, वे भी आकर्षक छूट के साथ लोन प्राप्त कर सकते हैं। मेले में शामिल विभिन्न कार डीलर, प्रॉपर्टी डीलर और सोलर प्लेट डीलर ग्राहकों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतरीन विकल्प और रियायती दरों पर उत्पाद खरीदने का अवसर मिल रहा है।

## फसल बीमा क्लेम को तहत आक्रोश प्रदर्शन

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम को लेकर उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करके अनिश्चितकालीन महापड़ाव शनिवार को रणनीति के तहत आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा रबी 2023 व खरीफ, 2024 फसल बीमा क्लेम कृषकों को दिलाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू , किसान नेता राकेश बिश्नोई, किसान नेता जसराम बुगालिया ने चेतावनी देते हुए कहा किसानो की ताकत के आगे कोई नहीं टिकेगा। सरकार और बीमा कंपनियों को घुटनों के बल आकर हमारा बीमा क्लेम देना पड़ेगा, शनिवार दोपहर तक इंतजार करने के बाद नई रणनीति के तहत आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा।

## नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** महाराजा अग्रसेन विद्या मंदिर सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में शनिवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अनामिका दाधीच ने बताया कि जनसेवा हॉस्पिटल व टांटिया यूनिवर्सिटी के सहयोग से लगाए गए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. अजय



सिंगला, संस्था अध्यक्ष अनिल टांटिया, सचिव गौरव मित्तल, कोषाध्यक्ष मनीष गर्ग, उपाध्यक्ष सुशील जिंदल, सदस्य संजय खेमका आदि गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रणजीत सिंह बेनीवाल की टीम द्वारा 258 विद्यार्थियों की आँखों की जांच की गई तथा नजर कम पाए जाने पर आवश्यकतानुसार चश्मे के नंबर भी दिए गए एवं आवश्यक रूप से चश्मा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने विद्यार्थियों को नेत्र स्वास्थ्य सम्बन्धी आदतों के बारे में बताते हुए आंखों की उचित देखभाल के प्रति जागरूक किया। वक्ताओं ने नेत्र जांच शिविर को स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी व लाभदायक बताया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पॉलिथीन के उपयोग को रोकने के लिए पर्यावरण जागरूकता अभियान

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला मुख्यालय बीकानेर के तत्वाधान में जीडीएम पब्लिक स्कूल, पुगल रोड़, बीकानेर में पॉलिथीन के उपयोग को रोकने के लिए पर्यावरण जागरूकता अभियान एक विशेष पर्यावरण जागरूकता अभियान आयोजित किया गया,जिला ऑर्गेनाइजर (स्काउट) सन्दीप मांझू ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चो को पॉलिथीन के उपयोग से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करना था। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पॉलिथीन बैग्स और अन्य प्लास्टिक उत्पादों के स्थान पर पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करना था, इस अभियान की शुरुआत में जिला ऑर्गेनाइजर (स्काउट) सन्दीप मांझू ने पॉलिथीन के पर्यावरणीय नुकसान और इसके निष्कासन के उपायों पर चर्चा की।



उन्होंने बताया कि पॉलिथीन के कारण समुद्र, नदियाँ और भूमि प्रदूषित हो रही हैं, जिससे जीव-जंतुओं के जीवन को खतरा हो रहा है। साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा में योगदान दें। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से इस अभियान में भाग लिया। इसके अलावा छात्रों को पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े के बैग, जूट बैग और अन्य स्थायी विकल्पों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती सविता गौड ने छात्रों को बताया कि कैसे घरों में प्लास्टिक की थैलियों के बजाय कपड़े के बैग पुन: उपयोग योग्य थैलियों का इस्तेमाल किया जा सकता है, और इससे पर्यावरण को कितना लाभ होता है,अंत में छात्रों ने संकल्प लिया कि वे पॉलिथिन का उपयोग कम करेंगे और पर्यावरण की रक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर यह ठान लिया है कि वे पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में अपनी भूमिका निभाएंगे और अपने आसपास के समुदाय में जागरूकता फैलाएंगे।

## तीन लाख रिश्वत लेता ग्राम सचिव गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज

**नूंह/रोहतक।** हरियाणा में गुरुग्राम की एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने नूंह में तैनात ग्राम सचिव को गिरफ्तार कर लिया। ग्राम सचिव सरपंच से पक्ष में जांच करने और उच्च अधिकारियों को सही रिपोर्ट बनाने की एवज में 3 लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा था।

ग्राम सचिव के खिलाफ गुरुग्राम में मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे एक दिन की रिमांड पर एसीबी को सौंपा है। एसीबी की टीम उससे पूछताछ कर रही है कि इस मामले में और कौन-कौन शामिल है।

उधर, रोहतक में एसीबी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। अधिकारी स्टोन क्रशर की क्षमता बढ़ाने की एवज में रिश्वत ले रहा था।

# सर्व समाज का विधायक के विवादित बयान के खिलाफ दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना जारी

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जिले में सर्व समाज द्वारा विधायक के विवादित बयान के खिलाफ दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और विभिन्न समाजों के लोग शामिल हुए। सर्व समाज के नेताओं ने प्रशासन से विधायक पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का मुकदमा दर्ज करने की मांग दोहराई। शुक्रवार को धरने पर गांव रामसरा नारायण के ग्रामीणों ने धरना दिया व जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर विधायक पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। धरने के तीसरे दिन बड़ी संख्या में युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हनुमानगढ़ जिले में हमेशा सामाजिक सौहार्द बना रहा है, लेकिन विधायक के समाजों को बांटने वाले बयान से समाज में दरार डालने की कोशिश की गई है। जाट समाज के अध्यक्ष इन्द्रपाल



रणवां ने कहा कि हनुमानगढ़ जिले में सदैव भाईचारा कायम रहा है, परंतु इसे जातिगत रंग देना निंदनीय है। विधायक जैसे जिम्मेदार पद पर रहते हुए इस तरह का बयान देना पूरे राजस्थान को शर्मसार करता है। धरने पर बैठे लोगों ने प्रशासन से विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द उचित कदम नहीं उठाया, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है। जिले के अन्य संगठनों ने भी इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है। इस मौके पर मदन गोदारा, महिपाल सिहाग, रणजीत सिंह, सुखदेव सिंह भुल्लर, कृष्णलाल, रामकुमार सिहाग, सतपाल सिहाग, अनिल सिहाग, राकेश सहारण, विजय जाखड़, श्योप्रकाश जाखड़, सुनील गोदारा, धर्मपाल, भीमसैन, राजेन्द्र जाखड़, वेदप्रकाश जाखड़, नत्थू राम भाट मुंडा , रोहिताश जयाणी , बंशीलाल जाखड़, मुकेश जांगू, हंसराज पूनिया, कृपाराम, रामकुमार, नूरनबी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सरकारी बाबू द्वारा बार एसोसियेशन के सदस्य प्रेटी सिंह से मारपीट को लेकर अधिवक्ताओं मे रोष

## ❑ जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए सेकड़ो की संख्या मे बार एसोसियेशन के सदस्य रहे उपस्थित

**श्रीगंगानगर।** वीरवार को सांखिकिय विभाग के एक बाबू विनोद गुप्ता के द्वारा अधिवक्ता प्रेटी सिंह के साथ की गई मारपीट को लेकर अधिवक्ताओं मे बेहद रोष रहा। यह रोष उस समय और बढ़ गया जब उन्हे सूचना मिली की विनोद गुप्ता ने अधिवक्ता प्रेटी सिंह पर गलत तथ्यों के आधार पर झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। प्रेस सचिव बार एसोसियेशन एडवोकेट सुमेश शर्मा ने बताया की शुक्रवार को इस घटनाक्रम को लेकर बार एसोसियेशन के हाल मे सभी अधिवक्ता उपस्थित हुए।शुक्रवार को अधिवक्ता उपाध्यक्ष एडवोकेट विनोद सिवर ,सचिव अशोक सैनी की अगुवाई मे बड़ी संख्या मे जिला कलेक्टर के चेंबर मे पहुँचे।वरिष्ठ अधिवक्ता चरणदास कंबोज और पूर्व अध्यक्ष सीताराम विश्नोई के द्वारा अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहाँ की प्रेटी सिंह एक शांत स्वभाव व कर्म शील अधिवक्ता है उसके खिलाफ वर्तमान तक कोई भी शिकायत नही आई। क्यों की अधिवक्ता आफिसर ऑफ द कोर्ट होता है इसलिए उन्हे नियम और जानकारी के लिए अक्सर अधिकारियों कर्मचारियों के पास जाना पड़ता है। प्रेटी सिंह भी इसी लिए गया था। कार्मिक विनोद गुप्ता के व्यवहार को लेकर समस्त अधिवक्ताओं मे रोष है। जिला कलेक्टर के नाम दिये ज्ञापन मे कहाँ है की विनोद गुप्ता सांठ गांठ कर सदेव पब्लिक डीलिंग वाली जगहो पर पोस्टेड रहा है वो आम जन ही नही अधिवक्ताओं के साथ भी सदेव अभद्र व्यवहार पैसों के लिए करता है। उन्होंने कहाँ की विनोद गुप्ता द्वारा जान बुझ कर स्वय लोक दस्तावेज फाड़े व नेमप्लेट तोड़ी फिर अधिवक्ता प्रेटी सिंह पर झूठा मुकदमा 55/2025 कोतवाली मे दर्ज करवाया।



अधिवक्ताओं मे चरणदास कंबोज, सीताराम विश्नोई,राजेश ग्रेवाल, जितेंद्र परासर, राजनिश सिडा ना, एस पी एस खुराना,द्यद्यद्य, हरजीत सिंह जोली, साहिल कुमार, अभिसार, राहुल सोनी, हिमांशु गुप्ता, विशाल आहुजा,आनंद व्यास, विक्रम पुनिया, रमनप्रीत सिंह, अनिल सोनी, महेंद्रा, कुंदन लाल जोशी,आई पी सहारण,पंकज उपनेजा, लक्ष्मण, रणजीत सारड़ीवाल, के साथ ही बड़ी संख्या मे अधिवक्ता ज्ञापन देने मे मौजूद रहे।

**अति जिला कलेक्टर को सोपा ज्ञापन:** बार एसोसियेशन श्री गंगानगर के द्वारा आज जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन अति जिला कलेक्टर रीना छिप्पा को सोपा। सीता राम विश्नोई ने कहा की सोमवार तक का समय प्रशासन को दिया है की वो विनोद गुप्ता पर कार्यवाही करे,अधिवक्ता पर करवाया झूठा मुकदमा वापिस करवाये तथा उसका निलम्बन करे। यदि यह नही होता है तो आगामी रणनीति बनाकर आगे की कार्य वाही सोमवार को अधिवक्ताओं द्वारा तय की जायेगी।

# बाबा रामदेव जागरण का भव्य आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** बाबा रामदेव मंदिर सेवा समिति द्वारा क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति के लिए विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इस भव्य जागरण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्ति भाव से ओतप्रोत माहौल बना रहा। जागरण की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय उपस्थित रहे। उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज बड़सीवाल भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर एवं बाबा रामदेव की आरती उतारकर जागरण का शुभारंभ किया।जागरण में जय दुर्गा भजन मंडली और विक्की म्यूजिकल ग्रुप ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। बाबा रामदेव के सुंदर-सुंदर भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु देर रात तक भजनों का आनंद लेते रहे। जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया था, जहां श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति की ओर से भक्तों के लिए प्रसाद और जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी।

बाबा रामदेव मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं, भजन मंडली और सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद किया। समिति ने भविष्य में भी इसी तरह के आध्यात्मिक आयोजनों की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# कर्मचारी संयुक्त महासंघ का धरना प्रदर्शन: 11 सूत्री मांग पत्र पर शीघ्र कार्रवाई की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ।** शुक्रवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के द्वारा जिला कलैक्ट्रैट पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महासंघ के सदस्यों ने जिला कलक्टर को मुख्य सचिव के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उनकी 11 सूत्री मांगों के समर्थन में और श्री खेमराज चौधरी समिति की रिपोर्ट के विरोध में अपनी बात रखी। महासंघ ने बताया कि उनका 11 सूत्री मांग पत्र शासन और सरकार के पास लंबित है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इन मांगों में प्रदेश के लाखों कर्मचारियों की प्रशासनिक और वित्तीय समस्याओं का समाधान मांगते हुए शासन और सरकार की संवेदनहीनता की आलोचना की गई है। महासंघ ने यह भी आरोप लगाया कि कर्मचारियों से संबंधित मामलों में सरकार का संवादहीनता का रवैया जारी है। समिति की रिपोर्ट पर नाराजगी व्यक्त करते हुए महासंघ ने कहा कि श्री खेमराज चौधरी की अध्यक्षता में गठित वेतन विसंगति निवारण समिति की रिपोर्ट ने कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की है। रिपोर्ट में राज्य सेवा के उन अधिकारियों को लाभ दिया गया है जिन्होंने अपने पक्ष को प्रस्तुत करने के लिए समिति में भाग नहीं लिया। वहीं, जिन कर्मचारी संगठनों ने तथ्यपूर्ण तरीके से अपना पक्ष रखा, उनकी मांगों और सुझावों को नजरअंदाज कर दिया गया। इसके अलावा, रिपोर्ट में अधीनस्थ सेवा के लगभग 8 लाख कर्मचारियों के अधिकारों की पूर्ण उपेक्षा की गई है। महासंघ ने साफ तौर पर श्री खेमराज चौधरी समिति की रिपोर्ट का विरोध किया और कहा कि इस रिपोर्ट ने प्रदेश के कर्मचारियों में भारी निराशा और आक्रोश पैदा किया है। इसके विरोध में प्रदेशभर में हजारों कर्मचारियों ने रिपोर्ट की होली जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

# श्रद्धा और उल्लास से जारी है श्री सिद्ध हनुमान मंदिर का वार्षिक धर्मोत्सव

## स्कूल के विद्यार्थी भी बालाजी का आशीर्वाद लेने आए

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** स्थानीय नई अनाज मंडी परिसर में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर का 38 वां वार्षिक धर्मोत्सव बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धर्मोत्सव के आज छठे दिन श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित सतपाल पाराशर ने भगवान श्री कृष्ण के अनेक प्रसंगों का वर्णन किया, जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े मंत्रमुग्ध भाव से सुना। आज छठे दिन के धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह पूजा अर्चना से हुई। मुख्य यजमान चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष इंजीनियर बंशीधर जिंदल तथा कई अन्य यजमानों द्वारा पूजा अर्चना की गई। दोपहर में ब्लू बर्ड्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी उज्जवल भविष्य की प्रार्थना करने और श्री बालाजी का आशीर्वाद लेने के लिए स्कूल निदेशक संदीप बंसल और प्राचार्य कविता बंसल के साथ पहुंचे। मंदिर प्रबंध समिति के संचालक रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि आज भी भंडारा लगाया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में भोजन प्रसादी को ग्रहण किया। ब्लू बर्ड्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी लंगर ग्रहण किया। कथा व्यास पंडित सतपाल पाराशर ने



आज कथा को आगे बढ़ते हुए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा ब्रह्मा के मोह का हरण करने, कालिया नाग और कंस वध, महारास और चीरहरण आदि प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जो हमारे भाग्य में लिखा है, वह हमें मिलकर रहेगा। जो नहीं लिखा, वह नहीं मिलेगा। ऐसे में प्रश्न उठता है कि जो भाग्य में लिखा है वह तो मिल ही जाना है तो फिर परिश्रम कौन करेगा? शास्त्रों में संतुष्ट रहने को कहा गया है, परिश्रम की मनाही नहीं की। हमारे प्रयास निरंतर चलते रहने चाहिए। हम किसी भी स्थिति में असंतुष्ट न रहे, क्योंकि जीवन में असंतुष्टता आएगी तो निराश भी आएगी। निराशा आएगी तो जीवन पतन के कगार में गिर जाएगा। इसलिए शास्त्र कहते हैं हमेशा संतुष्ट रहो। रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि धर्मोत्सव के समस्त आयोजनों को संपन्न करवाने में पुरुषोत्तम अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल, किशन मिस्त्री, कमल मित्तल, विमल मित्तल और पुजारी अरविंद पांडेय एवं प्रदीप पाठक अहम भूमिका निभा रहे हैं। रोजाना शाम को किए जाने वाले सुंदर पाठ में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। धर्मोत्सव समापन 10 फरवरी को होगा।

# याद-ए-जगजीत कार्यक्रम कल

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में जन्मे-पले, मशहूर गजल गायक पद्मविभूषण जगजीतसिंह के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय कला मंदिर द्वारा 9 फरवरी को संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय कला मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने बताया कि याद-ए-जगजीत नाम से इस कार्यक्रम का आयोजन 9 फरवरी की शाम 6:31 बजे बाबा रामदेव मंदिर के सामने रोहित उद्योग परिसर में स्थित चौधरी रामजस कला सदन (ऑडिटोरियम) में होगा।मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव लोहिया और लक्ष्मी सीड्स वाले सत्यप्रकाश खेमका होंगे। राष्ट्रीय कला मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश मोंगा ने बताया कि कार्यक्रम में गायक कलाकार सुनील भारद्वाज, संगीत अध्यापक नवोदय विद्यालय सूरतगढ़, तंवर खान, संगीत अध्यापक केंद्रीय विद्यालय हनुमानगढ़, देव गिल संगीत प्राध्यापक खालसा कॉलेज श्रीगंगानगर द्वारा ऑल म्यूजिकल बैंड के सुनील मौर्य और उनके साथियों के साथ वाद्य यंत्रों की संगत में जगजीतसिंह द्वारा गाईं गजलों, गीतों, नज्मों और भजनों की प्रस्तुति देंगे। उल्लेखनीय है कि जगजीत सिंह ने राष्ट्रीय कला मंदिर के सहयोग तथा तत्वावधान में ही गायकी के सफर की शुरुआत की थी और फिर आसमान की बुलंदियों को छुआ।उन्होंने जगजीतसिंह के अधिक से अधिक प्रशंसकों और गीत संगीत प्रेमियों से इस कार्यक्रम में पंहुचने का आग्रह किया है।



# बिश्नोई समाज के कोहिनूरों का सम्मान समारोह

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** श्री जंभेश्वर प्राणी हितकारी एवं शिक्षा समिति द्वारा समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिश्नोई समाज के उन लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज और जिले का नाम रोशन किया है। समारोह में बिश्नोई समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिनमें जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओमप्रकाश बिश्नोई, प्रसिद्ध जूडो कोच डॉ. विनीत बिश्नोई, थानाधिकारी मोनिका बिश्नोई, प्रशासनिक अधिकारी ममता बिश्नोई और समाजसेवी रामनिवास बिश्नोई शामिल रहे। समिति ने इन विभूतियों के योगदान को सराहते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट किए।



समिति के अध्यक्ष रामकुमार बिश्नोई ने बताया कि समाज के होनहार व्यक्तियों का सम्मान करना समिति का मुख्य उद्देश्य है। इससे समाज में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी और युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का गौरव बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, खेल और प्रशासन में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करना आवश्यक है ताकि वे भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित हों।

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और अतिथियों ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि आज का युवा नशे की लत में फंसकर अपना उज्ज्वल भविष्य अंधकार में डाल रहा है। थानाधिकारी मोनिका बिश्नोई ने कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करें।

जिला परिषद अधिकारी ओमप्रकाश बिश्नोई ने कहा कि समाज को जागरूक करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने घरों और समाज में इस बुराई के प्रति सतर्क रहना होगा और युवाओं को सही मार्गदर्शन देना होगा।

समिति के सदस्यों ने इस तरह के आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि समाज में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित करना हमारी परंपरा रही है और भविष्य में भी समाज के प्रतिभाशाली लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल सम्मानित विभूतियों के लिए गर्व का क्षण था, बल्कि समाज के युवाओं के लिए भी एक प्रेरणादायक अवसर साबित हुआ। उपस्थित लोगों ने समिति के इस प्रयास की सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता की कामना की।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली




जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मीनाक्षी सेतिया अरोडवंश गर्ल्स पी.जी कॉलेज तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय मुख्य सलाहकार विजय सेतिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मीनल कोचर ने वॉलिंटियर्स को सड़क सुरक्षा परिवहन नियमों के बारे में बताया तथा हेलमेट, सीट बेल्ट ,सेफ्टी गियर्स का उपयोग करने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी प्रो. दीपक प्रजापत तथा कार्यक्रम प्रभारी प्रो. ममता सचदेवा के निर्देशन में रैली में वॉलिंटियर्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वॉलिंटियर्स ने आमजन को स्लोगन के माध्यम से ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया।

# बेटी अगर गरीब से शादी करे तो: बिल गेट्स ने दिया ये जवाब

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** बिल गेट्स के बारे में तो आप जानते ही होंगे। दुनिया के सबसे अमीर इंसानों में से एक। हर साल फोर्ब्स की अमीरों की लिस्ट में इनका नाम होता है। जाहिर है इनके बच्चे भी अमीर पैदा होते हैं। इनकी दो बेटियां हैं। अगर ये बेटियां किसी गरीब से शादी करना चाहें तो क्या बिल गेट्स मानेंगे? इस सवाल पर बिल गेट्स का दिलचस्प जवाब यहां दिया गया है।



कुछ साल पहले अमेरिका में एक निवेश और वित्त सम्मेलन हुआ था। इसमें बिल गेट्स भी शामिल हुए थे। वहां मौजूद लोगों में से एक ने सवाल-जवाब के दौरान बिल गेट्स से एक सवाल पूछा जिसने सबको हंसा दिया। आप दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। क्या आपकी बेटी किसी गरीब या आम इंसान से शादी करेगी?

इस पर बिल गेट्स ने ये जवाब दिया- सबसे पहले, हमें ये समझना होगा कि दौलत क्या होती है। अमीरी का मतलब सिर्फ बैंक अकाउंट में ढेर सारा पैसा होना नहीं है। दौलत का मतलब है दौलत बनाने की क्षमता। अब लॉटरी या जुए का उदाहरण देखते हैं। अगर कोई 10 करोड़ जीतता है तो वो अमीर नहीं होता। वो बस ढेर सारा पैसा वाला गरीब इंसान होता है। इसलिए 5 साल बाद 90प्रतिशत लॉटरी करोड़पति फिर से गरीब हो जाते हैं। ऐसे अमीर लोग भी होते हैं जिनके पास पैसा नहीं होता। जैसे, ज्यादातर उद्यमी। उनके पास पैसा न होने पर भी, वो पहले से ही दौलत की राह पर होते हैं। क्योंकि वो अपनी आर्थिक समझ और दौलत को बढ़ा रहे होते हैं। अमीर और गरीब में क्या फर्क होता है? अमीर और अमीर हो सकते हैं। लेकिन गरीब के अमीर बनने के लिए उसमें अलग गुण होने चाहिए। अगर आपको कोई ऐसा युवा दिखे जो नई चीजें सीख रहा हो, लगातार खुद को बेहतर बना रहा हो, तो आपको समझ जाना चाहिए कि वो अमीर इंसान है। अगर कोई युवा सिस्टम में गलती निकालता रहे, अमीरों को लालची कहता रहे, तो समझ लीजिए वो गरीब है। अमीरों को खाली हाथ से शुरुआत करने के लिए सिर्फ जानकारी और ट्रेनिंग की जरूरत होती है। गरीब सोचते हैं कि उन्हें कोई और पैसा दे। मुझे अपनी बेटी की शादी किसी गरीब से नहीं करनी। इसका मतलब क्या है? मैं यहां पैसे की बात नहीं कर रहा। मैं दौलत बनाने की क्षमता की बात कर रहा हूं। ज्यादातर अपराधी गरीब होते हैं। मेरे इस बात के लिए मुझे माफ करना। वो पैसा देखकर पागल हो जाते हैं। इसलिए वो चोरी करते हैं। क्योंकि उन्हें खुद पैसा कमाना नहीं आता। एक दिन एक बैंक सुरक्षा गार्ड को एक अनाथ पैसे का बैग मिला। वो बैग लेकर बैंक मैनेजर के पास गया। लोग इस शख्स को बेवकूफ कह सकते हैं। लेकिन मेरे हिसाब से वो बस एक पैसा न होने वाला अमीर इंसान है। एक साल बाद, बैंक ने उसे मैनेजर बना दिया। 3 साल बाद वो ग्राहकों का काम देखने लगा। 10 साल बाद वो बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय का मैनेजर बन गया। सैकड़ों कर्मचारियों का प्रबंधन करता था। दौलत दिमाग की स्थिति होती है।

# वृद्धा को न्याय की दरकार, जमीन हड़पने वालों पर कार्रवाई की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जिले के मानुका गांव की एक 80 वर्षीय वृद्धा भजन कौर ने अपने विरासती कृषि भूमि को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनके हिस्से की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत के चलते उनकी शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

पीड़िता के अनुसार, उनके पति स्वर्गीय सौदागर सिंह को उनके पिता जीत सिंह से चक नंबर 23 एमजेडी और 27 एएमपी में विरासतन कृषि भूमि प्राप्त हुई थी। जीत सिंह के सात पुत्रों में से सोहन सिंह अविवाहित और निःसंतान थे, जिनकी मृत्यु के बाद उनकी भूमि अन्य वारिसों में बराबर बंटनी चाहिए थी। लेकिन मोहन सिंह और अन्य आरोपियों ने षड्यंत्र रचकर फर्जी वारिसनामा तैयार कर लिया और हल्का पटवारी तथा तहसीलदार की मिलीभगत से भूमि अपने नाम करवा ली। पीड़िता का कहना है कि इस साजिश में मोहन सिंह के साथ गुरजन्ट सिंह उर्फ जन्टा, महावीर सहारण, महेंद्र डूडी और अन्य लोग शामिल हैं। इन लोगों ने राजस्व अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर पटवारी से फर्जी दस्तावेज बनवाए और उनके पति सौदागर सिंह समेत अन्य वारिसों के नाम हटा दिए। इससे न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी उनके हक से वंचित कर दिया गया। जब पीड़िता और उनके बेटे सुखमंदर सिंह ने अपने हक की मांग की तो आरोपियों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। 20 अगस्त 2024 को मानुका गांव में हुई पंचायत में जब पीड़िता ने अपनी जमीन लौटाने की बात कही, तो आरोपियों ने न केवल जातिसूचक शब्द कहे, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने पटवारी और तहसीलदार से सांठगांठ कर जमीन अपने नाम करवा ली है और अब जो करना हो कर लो। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने पुलिस थाना सदर, हनुमानगढ़ में कई बार शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



# भाकिसं की राजियसर की नई कार्यकारिणी का गठन

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** भारतीय किसान संघ की बैठक राजियसर में आयोजित की गई। सदस्यता अभियान पूर्ण होने उपरान्त श्रीपाल शर्मा द्वारा बुलाई गई इस बैठक में जिलाध्यक्ष इंजि. बलदेव सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इंजि. बलदेव सिंह ने किसानों को भारतीय किसान संघ की रीति-नीति, विचारधारा, किसान हितैषी कार्यप्रणाली तथा संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में वक्ताओं ने संगठन एवं किसान हित में अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सर्वसम्मति से तहसील राजियसर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक राजाराम, अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, उपाध्यक्ष सुनील कुमार व पवन कुमार, मंत्री दलीप कुमार, सह मन्त्री राजाराम व डूंगर राम, जैविक प्रमुख सीताराम, युवा प्रमुख शिवनारायण, महिला प्रमुख संतोष, प्रचार प्रमुख हरिनारायण, सदस्य विनोद कुमार, हंसराज, भरत कुमार, छैलू सिंह, फरसा राम, कंवर लाल, पेमाराम, संदीप, रामकुमार व सोहनलाल को बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समर्पित भाव से पूर्व से और अधिक सक्रिय होकर संगठन एवं किसान हित में कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित थे।

# जज्बे को सलाम: श्रीगंगानगर के युवक की साईकिल से 12 ज्योतिर्लिंग अखण्ड भारत यात्रा

## गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने को लेकर जागरूकता यात्रा का गंगानगर में स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** शुक्रवार को श्रीगंगानगर में रहकर सब्जी बेचकर मजदूरी करने वाले मूलतः यूपी के कानपुर के महेन्द्र बाबू जो करीब 18 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा करने के बाद 3 ई छोटी श्रीगंगानगर स्थित अपने घर पहुँचा। जंहा ढोल नगाड़ों के साथ क्षेत्र के लोगो ने स्वागत किया है।

स्थानीय निवासी भाजपा नेता रजत स्वामी एडवोकेट ने बताया कि महेन्द्र बाबू करीब 11 माह से लगातार देशभर की साइकिल यात्रा पर है और अनेक राज्यो जिलों से होते हुए 3 ई छोटी स्थित अपने घर पहुँचा है। जंहा इसका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया है। स्वामी ने बताया कि सम्पूर्ण भारत देशन का जज्बा लिए महेन्द्र बाबू साइकिल पर यात्रा कर रहा है।

साईकिल से यात्रा करने वाले महेन्द्र बाबू ने बताया कि उसका जन्म कानपुर में हुआ है लेकिन वो पिछले 8-10 वर्षो से श्रीगंगानगर में गली गली घूमकर सब्जी बेचकर मजदूरी करता था। महेन्द्र बाबू के भाई, पत्नी, दो बेटियां श्रीगंगानगर 3 ई छोटी में रह रही है।

महेन्द्र बाबू सफेद टी शर्ट पर अपने माता पिता की फोटो बनाकर साईकिल से यात्रा करते हुए सन्देश देता है कि जिस माता-पिता ने बच्चो को पढ़ाया लिखाया वही बच्चे माता पिता को घर से निकाल देते है ऐसे काम समाज मे




कुरीतियों को बढ़ावा देते है। साइकिल यात्रा के दौरान गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने, प्रदूषण रहित भारत, प्लाटेंश फॉर नेचर जैसे महत्वपूर्ण संदेशों का प्रचार महेंद्र बाबू द्वारा किया जा रहा है। वही शनिवार को महेन्द्र बाबू श्रीगंगानगर से गोगामेड़ी होते हुए महाकुंभ प्रयागराज में साइकिल से रवाना होंगे। महेन्द्र बाबू की अभी करीब डेढ़ साल की साइकिल यात्रा पड़ी है। इसके बाद डेढ़ साल बाद ही यात्रा पूर्ण कर महेन्द्र बाबू अपने घर लौटेंगे।

### क्षेत्रवासियों ने किया स्वागत

शुक्रवार को 3 ई छोटी घर आने पर दूध सप्लाई यूनियन प्रधान सुभाष स्वामी, सरपंच प्रतिनिधि अमीलाल सीगड़, मोनू गर्ग, रजत स्वामी एडवोकेट,दीपक दुपगा, जयदेव शर्मा, महेन्द्र बाबू की पत्नी निशा, बेटियां लवी एवं पल्लवी, भाई लाइक सिंह, मिथुन सिंह, राजू कुमार, गुलशन, सौरभ शुक्ला, राजेन्द्र शर्मा पुजारी, पवन सेतिया, सहित बड़ी संख्या में लोगो ने स्वागत किया है।

# बाबा रामदेव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने धोक लगाई



**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** प्राचीन जालवाले बाबा रामदेव मंदिर पर भव्य मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ण की कामना करते हुए धोक लगाई। मेले का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह मान, नगर अध्यक्ष गौरव बलाना, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, बाबा रामदेव सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक भाटिया, सचिव गिरधारी नाथ ने विधिवत पूजा अर्चना करके किया। मंदिर के मुख्य पुजारी कालूराम ने पूजन करवा कर बाबा रामदेव जी की आरती कर मेले के शुभारंभ पर प्रसाद वितरण किया। मेले में बच्चों के लिए मनोरंजन झूले और परंपरागत कुश्ती प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहे। बाबा रामदेव सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक भाटिया, सचिव गिरधारी नाथ, कोषाध्यक्ष धनराज स्वामी, सोहन थोरी, राजू चाहर, नेकी नाई, करणीदान डाल, भागीरथ भाट, युवा नेता योगेश मेघवाल, सुरेश बिश्नोई, कृष्ण जालप, विनोद भादू , बेबी विश्वा भादू ,नेहा स्वामी, राकेश सेन सहित सेवादारों ने मेले की व्यवस्थाओं में सेवाएं दी। मेला प्रभारी नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक विक्की शर्मा, कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र प्रताप सिंह, कैशियर कमल सोनी, राम प्रकाश शर्मा की देखरेख में नगर पालिका की टीम ने मेले में लाइट सफाई सहित खोया पाया केंद्र की व्यवस्था बनाकर सेवाएं दी। नगर पालिका अग्निशमन के पंकज चौहान, महेंद्र देवड़ा, मनजीत सिंह, संदीप नागपाल की टीम ने मौजूद रहकर सेवाएं दी। पुलिस उपाधीक्षक प्रतीक मील, सिटी थाना प्रभारी दिनेश सारण, ट्रैफिक प्रभारी मूल सिंह शेखावत की देखरेख में मेले में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई ।

# बिश्नोई मंदिर में भव्य श्री राम कथा का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा बिश्नोई मंदिर में भव्य श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास साध्वी जंयती भारती ने कथा के दूसरे दिन रामचरितमानस की महिमा के बारे में बताया। उन्होंने कहा रामचरितमानस की रचना कितने ही वर्ष पूर्व क्यों न की गई हो परन्तु धर्म की स्थापना के जिस सन्देश को वह धारण किये हुए है वह हर युग काल और देश की सीमाओं से परे है व वर्तमान युग की समस्त समस्याओं का निवारण प्रस्तुत करता है। संसार में नाना प्रकार के रोग, शोक, जन्म, मृत्यु इत्यादि में पड़े काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार में जीवन के महत्व को खो चुके मानव को सन्मार्ग पर लाने के लिए प्रभु अवतीर्ण होते हैं।



उपद्रव को शांत करने नित्यधाम से अनुरूप हो कार्य को सम्पादित करने हेतु जन्म लेते हैं।

साध्वी भारती ने प्रभु श्री राम के दिव्य चरित्र के बारे में बताते हुए कह की प्रभु धर्म की स्थापना के लिए साकार रूप धारण करते हैं। और इसमें हम सभी को उनका साथ देना चाहिए। सौभाग्यशाली होती हैं वे आत्माएं जिन्हें ये सुअवसर मिलता है। साध्वी ने बताया कि समाज को श्री राम की आवश्यकता है उनके आदर्शों की आवश्यकता है जिसे आज का मानव भूल चुका है। आज का मानव अज्ञानता के वशीभूत राम चरित्र को छोड़ चलचित्रों के पीछे दौड़ रहा है आज समय है इस अज्ञानता को समाप्त कर ज्ञान का प्रसार करने की क्योंकि आज समय और समाज की पुकार ब्रह्मज्ञान है जिससे कि मानव, मानव बन पायेगा और दानवता का नाश हो सकेगा। ब्रह्मज्ञान के विषय में बताते हुये उन्होंने बताया कि ब्रह्मज्ञान ईश्वर की अनुभूति है ईश्वर का आगमन है अंतस में जब अंत:करण में ज्ञान का प्रकाश होगा तो अंधकार स्वत: ही समाप्त हो जायेगा।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ।** कृषि, रासायनिकी, भौतिकी और पर्यावरण विज्ञान में जैव प्रौद्योगिकी की भूमिका॰ सतत विकास विषय पर पुलकित कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन आज हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान द्वारा किया गया था, जिसमें देशभर से आए प्रख्यात वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, प्रोफेसरों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य आकर्षण में सात आमंत्रित वार्ताएं, 48 मौखिक प्रस्तुतियां और 18 पोस्टर प्रस्तुतियां शामिल थीं, जहां शोधार्थियों ने अपने नवीनतम शोध कार्य प्रस्तुत किए।

डॉ. विवेक मार्मा ने शोध के विभिन्न प्रकारों और वैज्ञानिक अनुसंधान की दिशा एवं प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की।

# डीएवी फेस्ट की पूर्व संध्या पर कॉलेज में अनेकों गतिविधियां आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आज डीएवी कॉलेज में डीएवी फेस्ट की शुरुआत करते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। डीएवी फेस्ट की पूर्व संध्या पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री जसवंत सिंह जी गोदारा व विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री हरी राम जी कुकणा ने पहुंचकर विधार्थियों को आशीर्वाद दिया। डीएवी फेस्ट कार्यक्रम अध्यक्ष कॉलेज प्राचार्य डॉ.मीनू जी पूनिया ने बताया कि आज महाविद्यालय में बिजनेस क्वीज, साइंस क्विज, आईटी क्वीज, व ह्यूमैनिटीज क्विज करवाई गई प्रत्येक क्विज में 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया तथा विभिन्न पुरस्कार जीते।आज ही महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कॉलेज को छात्र-छात्राओं ने विभिन्न रंगो से सजाया विभिन्न विद्यार्थियों ने डीएवी फेस्ट थीम के ऊपर रंगोली बनाई व अलग-अलग तरीके से अपने भावों को अपने मन के रंगों से उकेरा, इसी के साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 30 से अधिक



विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर विभिन्न रंगों के माध्यम से अपने चित्रकारी का हुनर दिखाया दिन भर चली विभिन्न गतिविधियों ने सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बच्चों के लिए दोपहर बाद गेम्स फॉर फन रखे गए जिसमें बचपन की यादें को ताजा करते हुए विभिन्न मनोरंजनात्मक खेल गतिविधियां रस्साकसी ,रिले रेस, म्यूजिकल चेयर, चम्मच दौड़, तीन पैर रैस करवायी गई कार्यक्रम के अंत मेंआज के मुख्य अतिथि श्री जसवंत सिंह जी गोदारा व श्री हरी राम जी कुकणा व कॉलेज प्राचार्य के द्वारासभी प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए।कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया ने बताया कि 8 फरवरी को कल जिला कलेक्टर डॉक्टर मंजू के द्वारा डीएवी फेस्ट का उद्घाटन किया जाएगा जिसमें म्यूज चित्रकला प्रदर्शनी व साइंस एग्जीबिशन का उद्घाटन करते हुए एकल नृत्य प्रतियोगिता व एकल गायन प्रतियोगिता करवाई जाएगी। डीएवी कॉलेज में दिनभर चली गतिविधियों में डीएवी फेस्ट कन्वीनर डॉ राजेश्वर गोदारा, को-कन्वीनर अंजली सिंह,कोऑर्डिनेटर डॉ.जसप्रीत सिंह व समस्त महाविद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली में भाजपा सरकार बनने से कार्यकर्ताओं में भारी जोश व उत्साह

## जनता ने सुशासन के लिए दिया जनादेश : लखा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता लखवीर सिंह लखा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर खुशी जताई है। लखा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने केंद्र की भाजपा सरकार के ऐतिहासिक विकास कार्यों तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में लागू जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों का समर्थन करते हुए अपार जनादेश दिया है। दिल्ली की जनता ने सुशासन का चुनाव किया है। यह ऐतिहासिक जीत है तथा इससे एक बार पुन॰ साबित हो गया है कि देश की जनता को पूरा विश्वास है कि भाजपा ही देश की दशा और दिशा बदलने में समर्थ है। केंद्र सहित सभी राज्यों में भाजपा सरकारें 'सबका साथ-सबका विकास' की भावना से कार्य कर रही है तथा 'विकसित भारत' संकल्प को इस जीत से नई गति मिली है। लखवीर सिंह लखा ने कहा कि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार में ऐतिहासिक विकास कार्य होंगे तथा केन्द्र सरकार व दिल्ली सरकार द्वारा लागू जन कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों से प्रत्येक वर्ग का सर्वांगीण उत्थान होगा।

# कराटे खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में मचाई धूम

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जिले के खिलाड़ियों ने मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 2 फरवरी को संपन्न हुई, जिसमें देशभर से लगभग 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राजस्थान टीम का नेतृत्व करते हुए हनुमानगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई पदक अपने नाम किए। हनुमानगढ़ लौटने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। जिला कलेक्टर कानाराम ने खिलाड़ियों



को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने खिलाड़ियों और कोच प्रिंस थॉमस का माला पहनाकर अभिनंदन किया। कोच प्रिंस थॉमस ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आठ राज्यों के खिलाड़ी विभिन्न भार वर्गों में शामिल हुए। हनुमानगढ़ के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया, 15 किलोग्राम भार वर्ग में आर्यन ने गोल्ड मेडल, 12 किलोग्राम भार वर्ग में स्निग्धा ने गोल्ड मेडल और 11 किलोग्राम भार वर्ग में देवेंद्र ने गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया। खिला?ियों की इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल रहा। स्थानीय खेल प्रेमियों ने इसे हनुमानगढ़ के खेल क्षेत्र के लिए ब?ी उपलब्धि बताया। कलेक्टर कानाराम ने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने और आगे की प्रतियोगिताओं में भी जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं के लिए प्रेरणादायक होती हैं और इससे जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। इस सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, अभिभावक और जिले के गणमान्य लोग उपस्थित रहे । हनुमानगढ़ के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के युवा खेलों के प्रति और अधिक प्रेरित होंगे।

# भाजपा को मिले प्रचंड जनादेश ने भाजपा की 'सबका साथ-सबका विकास' नीति पर लगाई मुहर

## मतदाताओं ने आप की भ्रष्ट नीतियों को सिरे से नकार दिया : आत्माराम तरड़

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जनादेश से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर भाजपा श्रीगंगानगर पूर्व जिलाध्यक्ष तथा किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व पंचायत समिति पूर्व प्रधान आत्माराम तरड़ ने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोक कल्याणकारी योजनाओं, भाजपा की 'सबका साथ-सबका विकास' की नीति तथा जनता जनार्दन के विश्वास की जीत बताया है। आत्माराम तरड़ ने भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने साबित कर दिया है कि जनता अब जागरूक हो गई है तथा आम आदमी पार्टी, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के झूठे बहकावे में नहीं आएगी। आम आदमी पार्टी सरकार दिल्लीवासियों के लिए आपदा बन गई थी तथा जनता बुरी तरह से त्रस्त व परेशान थी। मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट नीतियों को सिरे से नकार दिया है। आत्माराम तरड़ ने कहा कि दिल्ली की जनता बधाई की पात्र है, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा पर विश्वास जताते हुए दिल्ली की सेवा करने का अवसर दिया है। जनता ने अपार जनादेश देकर केंद्र की भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों पर मुहर लगाई है।

# आता हूं दरबार , हर ग्यारस पर, मिलती है ...

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्ध धाम श्रीखाटूश्याम श्याम धाम मंदिर , सुदामानगर में दो दिवसीय श्रीश्याम जया एकादशी मेला आज प्रारंभ हो गया। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि प्रातः काल से ही श्याम श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया । शेरेवाला ने बताया कि आज जया एकादशी के उपलक्ष में बाबा श्याम का श्रृंगार रंग बिरंगे कोलकाता के फूलो किया गया। जो कि बडा ही अद्भभुत लग रहा था। मंदिर प्रांगण में पधारे श्याम प्रेमीयो ने श्याम बाबा की जयकार से मंदिर प्रांगण को गूंजायमान हो गया। शेरेवाला ने बताया कि जो भी मंदिर प्रांगण में रंग-बिरंगे लाइटों को देख रहा है, वह मानो स्वर्ग का सा एहसास महसूस कर रहा है। पौष सुदी की इस एकादशी का श्याम श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। विभिन्न प्रकार के भोगकी व्यवस्था भी मंदिर प्रांगण में सेवादारों द्वारा की गयी है। आज ग्यारस को प्रातः काल से ही श्याम ध्वजा यात्राएं आनी मंदिर प्रांगण में प्रारंभ हो गयी । पूरे मेले के दौरान हजारों ध्वजाएं मंदिर प्रांगण में श्रद्धालु अपने हाथों में लेकर पहुंचते हैं। मंदिर प्रांगण पहुंचने के पश्चात इन ध्वजा वाहको का स्वागत व अभिनंदन श्याम श्रद्धालुओ द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के भोग बाबा को लगा कर आए हुए श्रद्धालुओं में वितरित किए गए। के के शर्मा के नेतृत्व मे भजनो का आयोजन प्रारंभ हो गया है। पूरे दिनभर भजन कीर्तन का कार्यक्रम रहेगा । रात्रि 7॰00 बजे से विशाल भजन संध्या प्रारंभ होगी, जिसमें शहर के सभी प्रमुख भजन प्रवाहक पवन चलाना , संजय मित्तल, के के शर्मा, पवन चलाना,विक्की शर्मा, विशाल सोडा, दीपांशु शर्मा व अन्य द्वारा बाबा श्याम को भजन सुनाकर रिझाया जाएगा । कल रविवार बारस के दिन प्रातःकाल 8॰15 बजे विनोबा बस्ती स्थित, दुर्गा मंदिर मार्केट से अजय राधे-राधे के संयोजन में विशाल ध्वजा यात्रा प्रारंभ होगी । जो शहर के मुख्य मार्गो से होती मंदिर प्रांगण पहुंचेगी । प्रत्येक ग्यारस को मंदिर प्रांगण में हजारों ध्वजाये बाबा श्याम को अर्पित की जाती है। पूरे दिन भर लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी श्रद्धालुओ द्वारा की गई है।

# नशा और चोरियों पर अंकुश लगाने को लेकर प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** शहर में नशा और चोरियों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर सूरतगढ़ बचाओ संघर्ष समिति ने थाने पर प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया। सूरतगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक परसराम भाटिया, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू , ओम प्रकाश गेदर, अमित कड़वासरा, योगेश मेघवाल, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राधेश्याम उपाध्याय, त्रिमूर्ति मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद ज्याणी ने सीटी थाना प्रभारी सी आई दिनेश सारण को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि शहर में नशे की वजह से युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है। पुलिस को नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि नशा बेचने वालों पर अंकुश लगे। लगातार चोरियों की घटना होने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। मारपीट की घटनाओं के अलावा घर के बाहर खड़े वाहनों को पत्थर मार कर तोड़ने की गुंडागर्दी हो रही है। पुलिस गस्त बढ़कर चोरियों पर अंकुश लगाया जाए। सी आई दिनेश सारण ने कहा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है जिले में नशे के खिलाफ सबसे ज्यादा करवाई की गई है। इसके अलावा भी पुलिस टीम लगातार कड़ी कार्रवाई करके नशे के खिलाफ अभियान चला रही है। पुलिस नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए भी शिविर लगाकर समझाइए कर रही है ताकि लोग नशे की आदत को छोड़ सके। शहर में चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस तत्परता से प्रयास कर रही है पुलिस गस्त बढ़कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला महासचिव जे पी गिला, जिला महासचिव भीम जोशी, पूर्व जिला सचिव द्वारका पेड़ीवाल, कृष्ण जालप, करणीदान डाल, अक्षर नायक, सचिन नोखवाल, अनिल रोकणा, अमर सिंह राठौड़, फौजी लीलाधर स्वामी, डॉ राजेश भाटी, लालचंद परिहार सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# माटीकला कामगारों व दस्तकारों का प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**● दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 20 कामगार हुए शामिल**

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्रीयादे माटी कला बोर्ड की ओर से आयोजित माटीकला कामगारों, दस्तकारों के लिए 10 दिवसीय इलैक्ट्रिक पोटर व्हील प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गणेश विहार द्वितीय स्थित बुधराम कुम्हार के निवास पर सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के लिए प्रदेशभर से चयन किया गया, जिसमें श्रीगंगानगर के 20 कामगारों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण शिविर में कामगारों व दस्तकारों को पोट्री कला, आय बढ़ाने के माध्यम, मिट्टी से पानी की बोतल, पोट्री कला सहित अन्य प्रशिक्षण दिए गए। दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कामगारों को नाश्ता-पानी भी श्री यादे माटी कला बोर्ड की ओर से उठाया गया। प्रशिक्षण बुधराम कुम्हार ने बताया कि दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के 20 कामगारों व दस्तकारों को मिट्टी से घड़ा बनाने, पकाने सहित अन्य कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि 20 कामगारों में दिव्यांग लाधुराम व एक विधवा महिला को विशेष रूप से इसमें शामिल किया गया है। इस दोरान प्रशिक्षक बुधराम कुम्हार, प्रशिक्षण गोवर्धन छापरवाल, शिवदत वर्मा, सावित्री देवी, लाधुराम, मोहित, राहेताश कुमार,



सुनील, बृजलाल, सीताराम, बेगाराम, सोहनलाल, कृष्णराम, मूलचंद, नत्थुराम, राजेश कुमार, अक्षय कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में कुम्हार समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# श्रीगंगानगर में होगा विधि विद्यार्थियों का महाकुंभ

**● डॉ. एसएस टांटिया मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2025 इसी माह**

**● देशभर के लॉ कॉलेजों से भाग लेंगे विद्यार्थी**

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** कानून की पढ़ाई कर रहे युवाओं का महाकुंभ इसी महीने टांटिया यूनिवर्सिटी में लगने वाला है। इसमें देशभर के विधि महाविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी शामिल होकर अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। विधि शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए टांटिया विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से 'प्रथम डॉ. एस.एस. टांटिया मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2025' का भव्य आयोजन 22 और 23 फरवरी को किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता न केवल शहर अपितु पूरे उत्तर भारत के लिए एक महत्वपूर्ण विधिक आयोजन होगी, जिसमें देशभर से प्रतिभाशाली विधि छात्र अपनी विधिक दक्षता, तर्कशक्ति और अधिवक्ता कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस राष्ट्रीय स्तर की मूट कोर्ट प्रतियोगिता में नौ राज्यों राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात की 26 टीमों के कुल 78 प्रतिभागी अपने ज्ञान और वाक्चातुर्य का प्रदर्शन करेंगे। इस भव्य आयोजन में देशभर के लगभग 50 विधि विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति होगी। इनमें प्रख्यात प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर और वरिष्ठ अधिवक्ता सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त इस प्रतिस्पर्द्धा में माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर और पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ के अनुभवी विधि विशेषज्ञ भी शामिल होकर छात्रों को मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस द्विदिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागी काल्पनिक मुकदमों पर बहस कर अपनी विधिक समझ, अनुसंधान कौशल और वाकपटुता को परखेंगे। यह प्रतियोगिता श्रीगंगानगर के लिए विधि शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि साबित होगी, जिससे शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर विधिक प्रतिस्पर्द्धाओं में स्थापित होगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से शहर में विधि अध्ययन और अनुसंधान को एक नई दिशा मिलेगी।

# रामसिंहपुर पुलिस की नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई

जनमार्ग न्यूज



**अनूपगढ़।** रामसिंहपुर पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने रामसिंहपुर से कुपली रोड पर गश्त के दौरान 20 वर्षीय एक युवक को 4.890 ग्राम अवैध डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। रामसिंहपुर एसएचओ सुभाष चंद्र के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी की पहचान वार्ड नंबर 10, चक 47 जीबी रामसिंहपुर निवासी अर्शदीप के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस सफल कार्रवाई में कॉन्स्टेबल शलेन्द्र, कांस्टेबल राकेश कुमार और कांस्टेबल राजपाल का विशेष योगदान रहा। एसएचओ सुभाष चन्द्र ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को नशे के अवैध कारोबार की जानकारी मिले, तो वह पुलिस को सूचित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## कहासुनी के बाद पत्नी की हत्या

जनमार्ग न्यूज

**जोधपुर।** जोधपुर के माता का थान इलाके के कीर्ति नगर में एक महिला के मर्डर का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पति-पत्नी के बीच हुए झगड़े के बाद पति ने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पति ने अपनी पत्नी के सिर पर वार किया। जिससे उसके सर से खून बहने लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद माता का थान पुलिस मौके पर पहुंची और बॉडी को अपने कब्जे में लेकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

# दो नाबालिग बहनों का अपहरण

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर से दो नाबालिग बहनों के किडनैप का मामला सामने आया है। जयपुर रेलवे स्टेशन पर दोनों नाबालिग बहनें अपनी मां के साथ बैठी थी। पिता को ढूंढ़कर लाने की कहकर निकलने पर रहस्यमयी तरीके से गायब हो गई। जीआरपी थाना पुलिस ने दोनों नाबालिग बच्चियों की तलाश में इश्तहार जारी किया है। एएसआई जगदीश ने बताया कि जीआरपी थाना जयपुर पर सरोजनी नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी सबाना (34) ने दो नाबालिग बेटियों की किडनैपिंग का मामला 9 जनवरी को दर्ज करवाया है। उनकी 14 साल की बेटी समरिन उर्फ मन्नन और 6 साल की बेटी अल्फा का किडनैप हुआ है। शिकायत में बताया कि वह पिछले काफी समय से पति हासिम व दोनों नाबालिग बेटियों के साथ जयपुर रेलवे स्टेशन पर खानाबदोश जीवन जी रही है। 18 अक्टूबर 2024 को दोनों नाबालिग बेटियां के साथ वह जयपुर रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। काफी देर तक पिता के वापस नहीं लौटने पर मां ढूंढने जाने लगी।

**For Rent**

Vacant for Rent, from March 25 onwerd, 20 Vinayak Vihar, 30×60 hall, Ground floor, Commercial Hall , Baba Ramdev Road.

**Please Contact 8005763176**

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

## वाहन ने ऑटो को मारी टक्कर, ड्राइवर गंभीर घायल

जनमार्ग न्यूज

**अबोहर।** पंजाब के फाजिल्का जिले के अबोहर के फाजिल्का रोड पर स्ट्रीट लाइटों के बंद होने के कारण एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। बीती रात करीब 10 बजे एक अज्ञात वाहन ने आरओ पानी सप्लाई करने वाले ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो ड्राइवर मुकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना फाजिल्का रोड स्थित वरुण धाम मंदिर के पास की है, जहां मुकेश कुमार अपने रोजाना के काम से लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बेकाबू होकर सड़क डिवाइडर के खंभे से टकरा गया और चकनाचूर हो गया। ऑटो में लगी पानी की टंकी भी सड़क से दूर जा गिरी। घायल मुकेश कुमार को आसपास के लोगों ने तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया।

# ऑटोमैटिक सिग्नलिंग ब्लॉक कार्य के कारण प्रभावित होंगी ट्रेंन

**● 8 मार्च को बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस चलेगी परिवर्तित मार्ग से**

जनमार्ग न्यूज



**जोधपुर।** रेलवे की ओर से जयपुर मंडल के भांवसा-नरैना-साखुन रेल खंड के बीच 9 मार्च को ऑटोमैटिक सिग्नलिंग कार्य की वजह से ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके चलते तीन ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ब्लॉक के चलते गाड़ी संख्या 14702, बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर रेल 8 मार्च को बान्द्रा टर्मिनस से रवाना होकर परिवर्तित मार्ग मारवाड जं.-जोधपुर-डेगाना-फुलेरा-रेनवाल-रींगस होकर संचालित होगी और इस रूट पर पाली मारवाड़, लूणी, जोधपुर, मेड़ता तथा डेगाना स्टेशन पर ठहराव करेगी। इसी तरह, गाड़ी संख्या 15013, जैसलमेर-काठगोदाम रेल 9 मार्च को जैसलमेर से रवाना होने वाली रेल परिवर्तित मार्ग जोधपुर-मेड़ता रोड-फुलेरा के रास्ते संचालित होगी। इस परिवर्तित मार्ग में यह गाड़ी मेड़ता व डेगाना स्टेशनों पर ठहराव करेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 22452, चंडीगढ़-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस रेल 9 मार्च को चंडीगढ़ से प्रस्थान करेगी, जो परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन होकर संचालित होगी।

## गली विवाद में 4 लोगों ने महिला को पीटा

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ जिले में एक महिला के साथ मारपीट और अपहरण कर ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पल्लू थाने में मुकदमा दर्ज हुआ हैं। सोशल मीडिया पर शेयर हुए वीडियो में कई लोग महिला से बेरहमी से मारपीट करते हुए नजर आए हैं। सूचना पर पुलिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को आरोपियों के चंगुल से छुड़वाकर पल्लू हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। उसके बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल महिला को जिला अस्पताल में रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार चांदेड़ी बड़ी की रहने वाली महिला सावित्री के साथ पड़ोसी कनीराम का गली को लेकर विवाद चल रहा था। 6 फरवरी को जब सावित्री अपने घर पर काम कर रही थी। तब भालाराम, रुकमा और हीरा एक साथ उनके घर पहुंचे। तीनों ने मिलकर सावित्री को घसीटकर ले गए, जहां कमला के साथ मिलकर महिला को मारा और उसके कपड़े फाड़ दिए। जब पीड़ित महिला सावित्री का पति भालाराम अपनी पत्नी को बचाने पहुंचा, तो आरोपियों ने लाठियां दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

# हत्या के प्रयास के मामले में चाचा-भतीजे को आजीवन कारावास

**● पिता-पुत्री पर लाठी डंडों से किया था हमला ● 14 साल बाद हुई सजा**

जनमार्ग न्यूज




**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ में पिता-पुत्री पर जानलेवा हमला करने और हत्या के प्रयास के मामले में चाचा-भतीजा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अनूपगढ़ के एडीजे डॉ.महेंद्र कुमार गोयल की अदालत ने 14 साल पुराने मामले में फैसला सुनाया है। साथ ही आरोपियों पर 50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला 20 जुलाई 2011 का है, जब पीड़ित इंद्र सिंह अपनी बेटी के साथ अनूपगढ़ जा रहे थे। पीड़ित के भाई महेंद्र सिंह, मखन सिंह और भतीजा हरबंस सिंह ने अन्य लोगों के साथ मिलकर रास्ते में घात लगाकर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया। हमलावरों ने इंद्र सिंह के सिर पर वार किए, जिससे उनकी आंख और कान पर गंभीर चोटें आई और सिर की हड्डी टूट गई। हमलावरों ने पीड़ित की बेटी की शादी के लिए रखे 15,000 रुपए भी छीन लिए। जब बेटी ने पिता को बचाने की कोशिश की, तो उस पर भी लाठियों से हमला किया गया। स्थानीय निवासी नारायण सिंह के मौके पर पहुंचने पर आरोपी फरार हो गए। गंभीर चोटों के कारण इंद्र सिंह को बीकानेर रेफर करना पड़ा। मामले में तीन आरोपी थे, जिनमें से एक महेंद्र सिंह की न्यायिक प्रक्रिया के दौरान मृत्यु हो गई। न्यायालय ने 15 गवाहों के बयान और 35 दस्तावेजों के आधार पर मखन सिंह और हरबंस सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों पक्षकारों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों को अलग-अलग धाराओं के तहत कठोर सजा सुनाई। मुख्य आरोप हत्या के प्रयास के तहत दोनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दी गई। साथ ही 50,000 रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया गया।

# कर्मचारी से मारपीट मामले में सौंपा ज्ञापन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** वकील द्वारा सांख्यिककी विभाग में घुसकर कर्मचारी से मारपीट करने पर श्रीगंगानगर मुख्यालय पर स्थित विभिन्न विभागों के विभिन्न संवर्गों के कर्मचारी इकट्ठे हुए श्रीसीताराम संयोजक श्रीगंगानगर मंत्रालयिक संघ की अगुवाई में जिला पुलिस अधीक्षक एडीएम प्रशासन को दोषी अधिवक्ता की गिरफ्तारी हेतु ज्ञापन दिया गया। इसके अलावा सभी विभागों के कार्मिकों से अपील की गई है कि इस मुहिम को मजबूत बनाने के लिए सभी विभाग अपने अपने स्तर पर अपने विभाग के समस्त संवर्गों को इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रेरित करे।

# राम नाम संकीर्तन की मस्ती में झूम रहे श्रद्धालु

**● झांकी वाले बालाजी दरबार में भक्त लगा रहे मन्नत की अर्जी**

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्धपीठ श्रीझांकी वाले बालाजी मंदिर में चल रहे अखण्ड राम नाम संकीर्तन की मस्ती में श्रद्धालु झूम रहे हैं। इसके साथ-साथ श्रद्धालु अपनी मन्नत की अर्जी भी लगा रहे हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भीड़ को देखते हुए सेवादारों में सेवा की होड़ सी लगी हुई है। शनिवार को मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए एवं मन्नत मांगी। अखण्ड राम नाम संकीर्तन सोमवार तक चलेगा। मंदिर के मुख्य सेवादार प्रेम अग्रवाल ने बताया कि इन पांचों दिवस में बाबा के दरबार में कई भक्तों की ओर से अपनी मनोकामना को लेकर अर्जी भी लगाई जा रही है। इसके तहत मंदिर में नारियल चढ़ाकर भक्तगण मन्नत मांगते हैं। अखंड राम नाम संकीर्तन के तहत शनिवार रात मंदिर परिसर के आसपास के क्षेत्र में भव्य आतिशबाजी होगी। इस संकीर्तन के उपलक्ष में शनिवार को भारत नगर एवं देवनगर से सैकड़ो श्रद्धालु ध्वज यात्रा के रूप में मंदिर पहुंचे एवं बाबा के धोक लगाई। मारवाड़ी युवा मंच के तत्वधान में सैकड़ो श्रद्धालु रविवार सुबह ध्वज के साथ मंदिर पहुंचेंगे। यह ध्वज यात्रा सुखाडिया सर्कल स्थित भारत माता चौक से सुबह 8.30 बजे रवाना होकर मंदिर पहुंचेगी। सिद्ध पीठ श्री झांकी वाले बालाजी भजन मंडल की ओर से इन सेवादारों का स्वागत किया जाएगा। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए यात्रा प्रभारी वेद प्रकाश लखोटिया, पूर्ण घोड़ेला, अजय गर्ग, दीपक जैन, राजकुमार जैन, ललित डोडा सहित कई सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं। इस संकीर्तन के तहत चल रहे अटूट भंडारे मैं हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया है। मंदिर में चढ़ाए जाने वाली स्वामिनी का प्रसाद भी भक्तों को मंदिर परिसर एवं भंडारा स्थल में वितरित किया जाता है।



## दुल्हन के रिश्तेदारों पर हथियारों से हमला

जनमार्ग न्यूज

**फाजिल्का।** फाजिल्का जिले के गांव मौजम में एक शादी समारोह खूनी संघर्ष में बदल गया। पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने दुल्हन के घर पर धावा बोल दिया, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में दाखिल कराया गया, वहीं अस्पताल प्रशासन की ओर से मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी देते हुए दुल्हन की मां कौशल्या बाई ने बताया कि उनकी बेटी की शादी में रिश्तेदार डीजे की धुन पर नाच-गा रहे थे। दुल्हन की विदाई के बाद अचानक कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने न सिर्फ लोगों पर धारदार हथियारों से वार किए, बल्कि डीजे सिस्टम को भी तोड़ दिया और घर पर पथराव भी किया। घायल युवक राज सिंह ने बताया कि उन्हें समझ नहीं आया कि अचानक यह हमला क्यों हुआ, लेकिन यह पड़ोसियों से चल रही पुरानी रंजिश का नतीजा था। सभी घायलों को फाजिल्का के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दे दी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल इसकी सूचना पुलिस को दी जा रही है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692